# सरकार बनी तो करवाएंगे जाति जनगणना : राहुल

## कहा, भाजपा के लोग नफरत फैलाते, लोगों को डराते हैं, कांग्रेस नफरत को खत्म करेगी

● कांग्रेस नेता ने सीलमपुर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान रैली को किया संबोधित



दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सीलमपुर में चुनावी सभा के मंच से जनता का अभिवादन करते हुए। फोटो : रंजन डिमरी

**संजय राय।** नई दिल्ली

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी सोमवार सीलमपुर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान जनसभा को करते हुए कहा कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति जनगणना कराएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह आरक्षण बढ़ाना चाहते हैं। विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गंधी ने पहली रैली में जाति आरक्षण कार्ड खेलते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से सवाल पूछा कि क्या वह कहेंगे कि वह आरक्षण बढ़ाना चाहते हैं और जाति जनगणना कराना चाहते हैं। राहुल ने यह भी कहा कि जब वह जाति जनगणना की बात करते है तो पीएम मोदी एक शब्द नहीं बोलते हैं। इसी तरह से केजरीवाल के मुंह से भी एक शब्द नहीं निकलता है। दोनों चाहते हैं कि देश में पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्य को भागीदारी ना मिले। पीएम व सीएम ने मंहगाई कम करने का वादा किया था लेकिन ऐसा करने में दोनों विफल रहे।

राहुल गांधी ने कहा कि मैंने संसद में भाजपा से कहा था कि आप करो ना करो मैं नहीं जानता, जिस दिन केंद्र में कांग्रेस की सरकार आएगी आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा कर देंगे और जाति जनगणना भी कराएंगे इससे पहले ठिठुरन भरी ठंड के बीच आधी बाजू की सफेद टी-शर्ट पहनर जनसभा में पहुंचते ही राहुल गांधी ने पूछा, कैसे हैं आप लोग, मूड अच्छा है आपका, इसके बाद जनसभ को संबोधित करते हुए कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई चल रही है। संविधान कहता है कि हर हिंदुस्तानी की रक्षा करनी चाहिए। भाजपा के दो लोग नफरत फैलाते हैं, लोगों को डराते हैं। कांग्रेस की नजर में सभी समान हैं। मोहब्बत की राजनीति, नफरत को खत्म करेगी। किसी भी धर्म और जाति के लोगों की राहुल गांधी हमेशा रक्षा करते मिलेगा।

अडानी, अंबानी जैसे अरबपति लोग अगर पूरे देश को खरीद लें, आम लोग गरीब रह जाएं। ऐसा हिंदुस्तान हमें नहीं चाहिए। हमें आम लोगों की भागीदारी चाहिए। आप लोगों ने कभी पीएम मोदी को कभी पूंजीपतियों के बारे बोलते हुए सुना। केजरीवाल ने बोला है। हमें अमीरों का देश नहीं चाहिए। पिछ? वर्ग, दलितों की भी भागीदारी होनी चाहिए। 90 लोग देश के सभी निर्णय लेते हैं। 100 रुपये में से 6 रुपये का ही निर्णय दलित और पिछड़ा वर्ग के अधिकारी लेते हैं। देश में पिछड़ों को भागीदारी मिलनी ही चाहिए, लेकिन मोदी और केजरीवाल नहीं देंगे, कांग्रेस देगी।

लोकसभा चुनाव कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ चुनाव लड़े थे। दिल्ली में तीन सीटों पर कांग्रेस और चार सीटों पर आम आदमी पार्टी ने चुनाव लड़ा था। दोनों दलों के नेताओं ने एक दूसरे के लिए प्रचार भी किया था। लेकिन इसका फायदा उन्हें नहीं मिला। बाद में दोनों पार्टियों में दूरियां बढ़ी तो विधानसभा चुनाव अलग-अलग लड़ने का फैसला किया। सीलमपुर में विधानसभा चुनाव में अपनी पहली रैली में राहुल ने केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जब आए तो उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें की, लेकिन यहां प्रदूषण के कारण बाहर चलना भी मुश्किल है। उनके वादे झूठे निकले। उन्होंने कहा कि वह भाजपा की विचारधारा के खिलाफ लड़ेंगे। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है। चार हजार किमी हम चले, देश में राजनीति का माहौल बदला। हिंदुस्तान सभी का है कुछ लोगों का नहीं है। संविधान जरूरी है, इसकी रक्षा करना जरूरी है। कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है। हर क्षेत्र में सच आप सभी के सामने है। कांग्रेस सांसद ने शीला दीक्षित सरकार के समय को याद करते हुए केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जब केजरीवाल ने वादा किया था कि दिल्ली को साफ-सुथरा और भ्रष्टाचार खत्म कर देंगे। दिल्ली को लंदन, पेरिस बना देंगे। अब देखिए हुआ क्या। राहुल ने दिल्ली में कांग्रेस के उम्मीदवारों को जीता कर कांग्रेस की सरकार बनाएं।

# जैन के खिलाफ सीबीआई को मिली केस चलाने की मंजूरी

**आय से अधिक संपत्ति का मामला**

● सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह के समक्ष यह जानकारी दी, मामले पर सुनवाई 22 जनवरी को होगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आय से अधिक संपत्ति मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। मामले में सीबीआई को जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी मिल गई है। एजेंसी ने इस मामले में 4 जनवरी को पूरक आरोपपत्र भी दाखिल किया है।

सीबीआई ने विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह के समक्ष यह जानकारी दी, जिन्होंने मामले पर सुनवाई के लिए 22 जनवरी की तारीख तय की। न्यायमूर्ति सिंह ने कहा कि मामले में जैन के खिलाफ चार जनवरी को पूरक आरोप पत्र दायर किया गया था। सीबीआई का आरोप है कि सिंह ने 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक लोक सेवक के रूप में काम करते हुए अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से लगभग 1.62 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति अर्जित की।

## मानहानि याचिका राजनीति से प्रेरित : बांसुरी

● भाजपा सांसद स्वराज ने कोर्ट में दी जानकारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की सांसद बांसुरी स्वराज ने सोमवार को कहा कि आम आदमी पार्टी नेता सत्येंद्र जैन द्वारा दिल्ली की अदालत में उनके विरुद्ध दर्ज कराई गई मानहानि की शिकायत राजनीति से प्रेरित है। स्वराज के वकील ने अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल के समक्ष दलील दी कि इस मामले के तथ्य सार्वजनिक हैं और इसे मानहानि के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता।

वकील ने कहा, इस मामले में समय का बड़ा महत्व है, क्योंकि शिकायतकर्ता चुनाव लड़ रहा है। यह याचिका राजनीति से प्रेरित है और इसे राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए दायर किया गया है। जैन के वकील ने इन दलीलों का विरोध किया और कहा कि स्वराज के बयान तथ्यों के विपरीत हैं। अदालत ने मामले को 22 जनवरी के लिए स्थगित कर दिया। जैन ने आरोप लगाया कि स्वराज ने पांच अक्टूबर, 2023 को एक समाचार चैनल पर साक्षात्कार में अपमानजनक टिप्पणी की। स्वराज ने जैन के घर से 1.8 किलोग्राम सोने और सोने के 133 सिक्कों के अलावा तीन करोड़ रुपए नकद मिलने के झूठे दावे किए।

# आप ने 'दिल्ली दा पुत्त केजरीवाल' नाम से जारी किया गाना

● इस गाने में मुफ्त बिजली-पानी देने, बुजुर्गों को तीर्थयात्रा कराने समेत अन्य कामों का है जिक्र



चुनाव आयोग में जाते अरविंद केजरीवाल व सीएम आतिश व अन्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने लोहड़ी पर नया गाना जारी किया है। पंजाबी भाषा में बनाया गया यह विशेष गाना आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर केंदित है। गाने की बोल 'दिल्ली दा पुत्त केजरीवाल' है।

एक मिनट 33 सेकंड के पंजाबी गीत की पंक्ति है, इस वारी सुन लो, फिर केजरीवाल नुं चुन लो है जिसमें मतदाताओं से जनकल्याण योजनाओं को जारी रखने और उनके वादों को पूरा करने के लिए केजरीवाल को फिर से चुनने का आह्वान किया गया है, ताकि पहले से चल रही जनहितकारी योजनाएं जारी रहें और अरविंद केजरीवाल की दी गई गारंटी को लागू किया जा सके।

आम आदमी पार्टी ने इस स्पेशल गाने में केजरीवाल द्वारा किए गए कामों का जिक्र किया है और उनकी नीतियों को जनता के बीच में और भी मजबूती से पेश करने की कोशिश की गई है। यह गाना आप नेता के सपनों को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय राजधानी के विकास के लिए काम कर रहे हैं।

### जाटों को आरक्षण सूची में शामिल ना करना अन्याय

**नई दिल्ली।** आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जाट आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा और केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है। जाट समुदाय को केंद्र की ओबीसी सूची में शामिल करने को लेकर पीएम मोदी को लिखे पत्र में कहा जाट समाज के साथ धोखा केंद्र धोखा कर रही है ।

### नई दिल्ली विस में भाजपा की धांधली जारी : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दावा किया कि नई दिल्ली विधानसभा में भाजपा की धांधली जारी है। इस सिलसिले में केजरीवाल ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा द्वारा की जा रही धांधली को रोकने और पटपड़गंज से प्रत्याशी अवध ओझा का वोट दिल्ली में शिफ्ट करने का आदेश देने की मांग को लेकर चुनाव आयोग से मुलाकात की। उन्होंने चुनाव आयोग को दोनों ही मुद्दों को विस्तार से बताया। केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग से इस गड़बड़ी में शामिल स्थानीय डीएम को तुरंत हटाने की मांग की है। भाजपा फर्जी वोट बनवाने के साथ ही पैसे, चादरें और चश्मे बांटने का खेल भी डीएम की मिलीभगत से कर रही है। चुनाव आयोग ने उन्हें एक-एक वोट की गहन छानबीन करने और किसी भी हाल में फर्जी वोट नहीं बनने देने का आश्वासन दिया है।

### जेल से नामांकन दाखिल कर सकते हैं ताहिर हुसैन

**नई दिल्ली।** फरवरी 2020 के दंगों से जुड़े कई मामलों में आरोपी आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद ताहिर हुसैन जेल से ही अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। दंगे से संबंधित हत्या के मामले में हुसैन की अंतरिम जमानत के अनुरोध वाली याचिका पर पुलिस की ओर से जवाब देते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब कैदियों ने जेल से ही चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया पूरी की। विधि अधिकारी ने कहा, सबसे ताजा उदाहरण अमृतपाल सिंह का है।

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने मौखिक रूप से यह भी कहा कि हुसैन जेल में बैठकर नामांकन पत्र दाखिल कर सकते हैं। आरोपी की ओर से पेश वकील ने जवाब दिया कि उन्हें एक राष्ट्रीय पार्टी ने चुना है और नामांकन पत्र दाखिल करने के अलावा उन्हें चुनाव प्रचार भी करना है और अपनी संपत्ति की घोषणा भी करनी है।

# विधानसभा चुनाव : भाजपा का दलितों के प्रभाव वाली 30 सीट पर विशेष ध्यान

● पार्टी ने महीनों तक चलाया सतत एवं केंद्रित संपर्क अभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी को पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले महीनों तक चलाए गए सतत एवं केंद्रित संपर्क अभियान के आधार पर यहां के दलितों के प्रभाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

वर्ष 2015 और 2020 में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 निर्वाचन क्षेत्रों में से एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। पिछले चुनावों में भी, भाजपा कभी भी इनमें से दो-तीन सीट से अधिक नहीं जीत पाई। दिल्ली भाजपा नेताओं के अनुसार, दिल्ली में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 12 निर्वाचन क्षेत्रों सहित 30 विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें दलित समुदाय के मतदाता 17 से 45 प्रतिशत तक हैं। उन्होंने बताया कि 12 आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों के अलावा, राजेंद्र नगर, चांदनी चौक, आदर्श नगर, शाहदरा, तुगलकाबाद, बिजवासन सहित 18 अन्य सीट हैं, जहां अनुसूचित जाति समुदाय के वोट 25 प्रतिशत तक हैं, जहां भाजपा और उसके अनुसूचित जाति मोर्चा ने पिछले कई महीनों में काम किया है।

पिछले कुछ महीनों में इन 30 निर्वाचन क्षेत्रों की झुग्गियों और अनधिकृत कॉलोनियों में अनुसूचित जाति कार्यकर्ताओं के माध्यम से व्यापक संपर्क अभियान चलाया गया। दिल्ली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मोहन लाल गिहारा ने कहा कि इन सभी 30 निर्वाचन क्षेत्रों में समुदाय के सदस्यों के बीच केंद्रित संपर्क के लिए अनुसूचित जाति के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को विस्तार के रूप में नियुक्त किया गया था।

उन्होंने कहा कि विस्तारकों ने इन निर्वाचन क्षेत्रों में विभिन्न इलाकों और आवासीय क्षेत्रों में व्यक्तियों से संपर्क करने के लिए प्रत्एक मतदान केंद्र पर 10 दलित युवाओं को तैनात किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसे 5,600 से अधिक मतदान केंद्रों की पहचान की है, जिनमें से 1,900 से अधिक बूथ पर विशेष ध्यान दिया गया। पार्टी नेताओं ने कहा कि मतदाताओं से संवाद करने और उन्हें मोदी सरकार द्वारा समुदाय के लिए किए गए कार्यो और आप के 10 साल के शासन में विफलताओं को बताएंगे।

# रोड शो में देरी होने के कारण आतिशी आज अपना पर्चा भरेंगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नामांकन से पहले रोड शो में सीएम आतिशी के साथ मनीष सिसोदिया।

विधानसभा चुनाव अपने पूरे मिजाज पर है। मुख्यमंत्री आतिशी मंगलवार को अपना नामांकल पत्र दाखिल करेंगी। इससे पहले वह सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले गिरि नगर स्थित एक गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद आप नेता मनीष सिसोदिया के साथ एक रोड शो किया और फिर नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय की ओर रवाना हुईं। रोड शो में देरी होने के कारण वह नामांकन पत्र दाखिल किए बिना ही अपराह्न तीन बजे आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल समेत आप नेताओं के साथ निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से मिलने के लिए आयोग के दफ्तर चली गईं। विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र हर दिन अपराह्न तीन बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं।

अपनी रैली शुरू करने से पहले आतिशी ने मनीष सिसोदिया के साथ गिरि नगर स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद साहिब में मत्था टेका।

# फ्लैट में आग लगने से महिला की मौत, दो घायल

● घायलों को आचार्य भिक्षु अस्पताल भर्ती कराया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



पश्चिमी दिल्ली के आवासीय फ्लैट में लगी को बुझाते दमकल कर्मी।

पश्चिमी दिल्ली के पश्चिम पुरी इलाके में एक आवासीय फ्लैट में आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। यह घटना रविवार रात पंजाबी बाग थाना क्षेत्र के पश्चिम पुरी स्थित न्यू स्लम फ्लैट्स में घटी।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) विभाग के प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, अग्निशमन विभाग को रविवार रात लगभग दस बज कर 27 मिनट पर फोन से आग लगने की सूचना मिली जिसके बाद दमकल की तीन गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। भूतल समेत तीन मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल के फ्लैट में लगी आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों को फ्लैट के अंदर एक महिला का जला हुआ शव पुलिस को सौंप दिया गया।

डीएफएस प्रमुख ने बताया कि दो लोगों को बचा लिया गया है, और उन्हें आचार्य भिक्षु अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली पुलिस ने एक बयान में कहा कि रविवार रात पंजाबी बाग पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त होने के बाद एक टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई।

बयान के मुताबिक घटनास्थल पर पहुंचने के बाद सिपाही नफे और मोहित ने पाया कि तीन लोग - निर्मला (65), प्रहलाद (68) और जितेंद्र (40) पश्चिम पुरी के न्यू स्लम फ्लैट्स में दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट के अंदर फंसे हुए थे।

दिल्ली पुलिस ने कहा, दोनों सिपाहियों ने उप-निरीक्षक संदीप के साथ मिलकर पड़ोस से सीढ़ी का इंतजाम किया और बालकनी के जरिए प्रहलाद और जितेंद्र को बचाया। लेकिन, आग इतनी भीषण थी कि अंदर जाना नामुमकिन था, जिसके चलते निर्मला को बचाया नहीं जा सका। जांच के लिए अपराध एवं एफएसएल टीमों को बुलाया गया है तथा घायलों के बयान दर्ज किए।

## संक्षिप्त समाचार

### 1.41 करोड़ के सोना के साथ दंपति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाया गया 1.41 करोड़ रुपए के सोना के साथ एक दंपति को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने गत रविवार को बहरीन से आने के बाद दंपति को हवाई अड्डे पर रोक लिया गया। सीमा शुल्क विभाग ने एक्स पर  हा कि सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.5 किलोग्राम सोना (जिसकी कीमत 1.11 करोड़ रुपए है) बरामद किया। तस्करी कर लाए गए सोने को पुरुष यात्री द्वारा ले जाए जा रहे ट्रॉली बैग के अंदर चांदी के रंग के धातु के 15 तारों के रूप में छिपाया गया था। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि इसके अलावा अधिकारियों ने एक महिला यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर छिपाकर रखे गए चांदी के रंग के धातु के चार तारों के रूप में सोना बरामद किया। उनके पास से कुल 1.90 किलोग्राम सोना जब्त किया गया, जिसकी कीमत 1.41 करोड़ रुपए है। सीमा शुल्क अधिकारी ने बताया कि इस सिलसिले में आरोपी पति और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### गैर कानूनी गतिविधियों में संलिप्त 26 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली जिले की पुलिस ने लगातार 10 दिनों तक अभियान चलाकर जिले में जुआ रैकेट, शराब तस्करी व ड्रग्स तस्करी में संलिप्त बदमाशों पर नकेल कसी है। पुलिस उपायुक्त अभिषेक धानिया ने बताया कि पुलिस ने इस अभियान के दौरान 26 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही उनके कब्जे से कुल 36.5 हजार नकद, 261 ग्राम स्मैक व अवैध शराब के 604 पव्वे बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक, गाजीपुर पुलिस ने आठ जनवरी को इलाके में पेपर मार्केट में छापा मारकर दो सट्टेबाजों को 29.5 हजार नकद समेत गिरफ्तार किया। मयूर विहार व कल्याणपुरी पुलिस ने एक-एक, पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र व पांडव नगर पुलिस ने तीन-तीन सट्टेबाजों को नकद व ताश के पत्तों समेत गिरफ्तार किया। वहीं, शराब तस्करी में पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, मंडावली, मधु विहार व कल्याणपुरी पुलिस ने एक-एक, मयूर विहार पुलिस ने एक महिला तस्कर, न्यू अशोक नगर पुलिस ने दो शराब तस्करों को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### टाइटलर के खिलाफ मामले की सुनवाई 28 जनवरी को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत 28 जनवरी को कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में दलीलों पर सुनवाई फिर से शुरू कर सकती है। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने सोमवार को दलीलों को संक्षिप्त रूप से सुनने के बाद मामले की सुनवाई को स्थगित कर दिया। टाइटलर व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश हुए। यह मामला 1984 में राष्ट्रीय राजधानी के गुरुद्वारा पुल बंगश में तीन सिखों की हत्या से जुड़ा है। न्यायाधीश ने 12 नवंबर, 2024 को दंगों के दौरान गुरुद्वारा पुल बंगश में भीड़ के हाथों मारे गए बादल सिंह की विधवा लखविंदर कौर का बयान दर्ज किया गया था।

# सेना दिवस परेड में पहली बार लड़कियों की एनसीसी टुकड़ी लेगी भाग

● सेना दिवस परेड 15 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में बॉम्बे इंजीनियरिंग ग्रुप और सेंटर में होगी, परेड में दो बराबर पंक्तियों में खड़े 12 रोबोटिक खच्चर और उनके संचालक भी पहली बार परेड में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



रोबोट के साथ सेना दिवस परेड  की तैयारी करते जवान।

इस साल सेना दिवस की परेड में राष्ट्रीय कैडेट कोर की लड़कियों की मार्चिंग टुकड़ी भाग लेगी और चार विषयगत झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इन झांकियों में एनसीसी के मिशन ओलंपिक प्रकोष्ठ पर आधारित एक झांकी भी होगी।

रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु स्थित सैन्य पुलिस कोर (सीएमपी), सेंटर एंड स्कूल की एक महिला अग्निवीर टुकड़ी और मार्चिंग रोबोटिक खच्चरों का एक समूह भी पहली बार सेना दिवस की प्रतिष्ठित वार्षिक परेड में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा।

सेना दिवस परेड 15 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे में बॉम्बे इंजीनियरिंग ग्रुप (बीईजी) और सेंटर में होगी, जो सेना की दक्षिणी कमान के अंतर्गत आता है। परेड के बाद शाम को गौरव गाथा नामक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है, जिसमें प्राचीन काल से लेकर समकालीन युग तक कल्याण के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शामिल होने की उम्मीद है।

इस बार 77वें सेना दिवस समारोह का विषय समर्थ भारत, सक्षम सेना है और इसका उद्देश्य सेना की क्षमताओं का प्रदर्शन कर एक मजबूत राष्ट्र में योगदान देना है। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि परेड के दौरान प्रदर्शित किए जाने वाले कुछ साजो-सामान में के9 वज्र स्व-चालित होवित्जर, बीएमपी-2 सरथ पैदल सेना लड़ाकू वाहन, टी-90 टैंक, स्वाति हथियार लोकेटिंग रडार, सर्वत्र ब्रिजिंग सिस्टम, मल्टी-बैरल रॉकेट सिस्टम, एटीओआर एन1200 ऑल-टेरेन वाहन, ड्रोन जैमर सिस्टम और मोबाइल संचार नोड्स शामिल हैं। एक सूत्र ने कहा, इस वर्ष की परेड में एनसीसी की एक महिला टुकड़ी और बेंगलुरु स्थित सैन्य पुलिस कोर केंद्र की एक महिला अग्निवीर टुकड़ी शामिल होगी और दोनों ही पहली बार सेना दिवस परेड में भाग लेंगी।

इसके अलावा, दो बराबर पंक्तियों में खड़े 12 रोबोटिक खच्चर और उनके पीछे उनके संचालक भी पहली बार परेड में शामिल लेंगे। इन रोबोटिक खच्चरों को पिछले साल सेना में शामिल किया गया था और ए सेना के आधुनिकीकरण की दिशा में उठाए गए कदमों का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये फुर्तीले-पैर वाली मशीनें भार ढो सकती हैं, दुर्गम क्षेत्रों में जा सकती हैं और आतंकवादियों से भी निपट सकती हैं। मार्च करते हुए जब वे मंच के सामने पहुंचेंगे, तो रोबोटिक खच्चर परेड में आगे बढ़ने से पहले गणमान्य व्यक्तियों को सलामी देंगे। इसके अलावा, परेड के विषय के अनुरूप गणतंत्र दिवस परेड में दिखाई जाने वाली झांकियों के समान चार झांकियां भी प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें भारतीय सेना के पराक्रम, हरित पहलों आदि को दर्शाया जाएगा।

# युवा शक्ति के सुझाव नजर आएंगे बजट में: मुख्यमंत्री

## नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र विवि में युवाओं से बजट पूर्व परामर्श पर किया सीधा संवाद

- आईटीआई और उद्यमियों ने खुलकर रखे अपने सुझाव

सौरभ चौधरी। कुरुक्षेत्र

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के आने वाले बजट में युवा शक्ति के संघर्ष, अनुभव और बेहतरीन सुझाव नजर आएंगे। इस बजट को लेकर प्रदेश के हर वर्ग और हर व्यक्ति से सुझाव लिए जा रहे हैं। इस प्रदेश का बजट हर नागरिक के लिए खुशहाली लेकर आए इस प्रकार के प्रयास प्रदेश सरकार की तरफ से लगातार किए जा रहे हैं। इसलिए बजट को तैयार करने से पहले आमजन के सुझाव लिए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में युवाओं के साथ आयोजित बजट पूर्व परामर्श बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, वित्त एवं योजना विभाग के एसीएस अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, स्वर्ण जयंती संस्थान के महानिदेशक अंशज सिंह, सलाहकार, युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. नैन, ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



### युवाओं ने खुलकर दिए बजट के लिए सुझाव

**बजट पूर्व परामर्श बैठक में इंडस्ट्री पार्टनर में हीरो मोटर लिमिटेड की ओर से राजीव शर्मा, इसजैक कम्पनी, यमुनानगर से आरके भारद्वाज, आईडीआर से दीपक मदान ने कौशल विकास एवं बेहतर अवसर के लिए लेकर इंडस्ट्री एवं शैक्षणिक संस्थानों के बीच समन्वय का सुझाव दिया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के प्रशिक्षु कुणाल सूद, मनीष कुमार, आईटीआई कुरुक्षेत्र से मुस्कान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से छात्र अमित शर्मा, नवीन, दिव्यांशी पांडेय, छवि, दिव्यांशी, कर्ण सिंह, सक्षम युवा केन्द्र धुराड़ी से सुखचैन, आईटीआई भोडिया खेड़ा से मनीष कुमार, आईआईटी से साहिल, सर्व आईटी एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर सुधांशु बालियान तथा सुपर 100 के विद्यार्थी रहे रितु, साहिल, जतिन, काजल, प्रवीण ने प्री-बजट परामर्श बैठक में बजट 2025-26 के लिए अहम सुझाव दिए।**

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी पर्व और मकर सक्रांति पर्व की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की सोच है कि आने वाला बजट हरियाणा के 2 करोड़ 80 लाख लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं पर खरा उतरे तथा आमजन के लिए खुशहाली लेकर आए। इस लोहड़ी के पर्व पर कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर सुपर 100, स्टार्टअप से जुड़े युवाओं, युवा उद्यमियों से बजट पर सुझाव लिए गए हैं। इन युवाओं से अच्छे सुझाव मिलें हैं और एक-एक सुझाव बजट के लिए बहुमूल्य होगा।

राजेश खुल्लर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस बार बजट के लिए एक नई पहल की है। हरियाणा के आगामी बजट के लिए इस बार प्रदेश के साथ-साथ अन्य नागरिक भी आनलाइन माध्यम से अपने सुझाव दे सकते हैं। हरियाणा सरकार, वित्त और योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पिछले 5 वर्षो के बजट में आमजन के 407 सुझावों को शामिल किया है। इसी कड़ी में इस वर्ष छठें बजट में भी आमजन के सुझाव शामिल किए जाएंगे। प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं की आंकाक्षाएं व सोच मुख्यमंत्री सैनी के दृष्टिकोण के साथ जुड़कर एक प्रभावी नीति निर्माण में सहयोग देंगी। यह बैठक युवा सशक्तिकरण व समावेशी शासन के प्रति सीएम की प्रतिबद्धता व सजगता को दर्शाती है।

# देश की मजबूती के लिए समाज में समानता की भावना जरूरी: सैनी

- मुख्यमंत्री ने युवा शक्ति के साथ मनाया लोहड़ी का पर्व
- कहा- युवाओं को नशे की लत से दूर रहने का लेना चाहिए संकल्प
- मलेरिया के लिए सराहनीय कार्य करने पर की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की मजबूती के लिए समाज में समानता और सहयोग की भावना जरूरी है। इस प्रकार लोहड़ी जैसे पर्व समाज को एक सूत्र में बांधकर रखते हैं। यह पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाने वाला एक प्रमुख पर्व है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में युवाओं की तरफ से आयोजित लोहड़ी पर्व के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, खेल मंत्री गौरव गौतम, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने परम्परा अनुसार युवा पीढ़ी के साथ लोहडी का पर्व मनाया। इस दौरान युवाओं ने लोहड़ी पर्व के गीत गाए और लोहड़ी का जश्न मनाया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेशवासियों को लोहड़ी और मकर संक्रान्ति की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लोहड़ी का त्यौहार किसान भाईयों के लिए एक विशेष महत्व रखता है। इस दिन किसान सूर्य देवता का आशीर्वाद लेते हैं ताकि नई फसल में भरपूर पैदावार मिल सके। यह पर्व हमारे देश के ग्रामीण और शहरी भारत के बीच की दूरी को भी कम करने का माध्यम है।

सैनी ने कहा कि भारत एक ऐसी भूमि है जहां विविधता में एकता देखने को मिलती है। यह लोहड़ी पर्व देश की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाता है। आज युवा पीढ़ी को इस सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने की जरूरत है। उन्होंने एक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मलेरिया की रोकथाम के लिए किए गए सराहनीय कार्य की प्रशंसा की है। इस विषय के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री ने एक अन्य प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि नशे को लेकर सरकार की तरफ से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# सीएम की बैठकों को गंभीरता से न लेने वाले अफसर नपेंगे

- मुख्य सचिव ने प्रशासनिक सचिवों को जारी की गाइडलाइन
- तीन दिन में जारी करनी होगी बैठक की कार्यवाही

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री की बैठकों को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारियों पर अब विभागीय कार्रवाई हो सकती है। बैठक का एजेंडा जारी करने तथा लिए गए फैसलों की कार्यवाही को अब तय समय सीमा में जारी करना होगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री द्वारा समय-समय पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की जाती हैं। कई विभाग प्रमुख अधिकारी समय पर बैठक का एजेंडा जारी नहीं करते है। जिसके चलते बैठकों में विभाग तथा सरकार से संबंधित योजनाओं की वास्तविक जानकारी सामने नहीं आ पाती है। यही नहीं कई विभागों के अधिकारी बैठक में लिए गए फैसलों के संबंध में कार्यवाही रिपोर्ट भी कई-कई दिन तक जारी नहीं करते हैं।

बैठक में लिए गए फैसलों की रिपोर्ट समय पर जारी नहीं होने से फील्ड में तैनात अधिकारियों तक जानकारी नहीं पहुंच पाती है और वह समय पर सरकार की योजनाओं को लागू नहीं कर पाते हैं। एसीएस द्वारा बैठक की कार्यवाही जारी नहीं करने से सरकार द्वारा लिए गए फैसलों की अधिसूचना भी समय पर जारी नहीं हो पाती है। अफसरशाही की कोताही के कारण सरकार द्वारा लिए गए फैसले कई महीनों तक अखबारी बयान बनकर रह जाते हैं।

ऐसे में मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रशासनिक सचिवों को निर्देश जारी किए हैं कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली किसी भी बैठक का एजेंडा समय से जारी किया जाएगा। इसमें इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि यह एजेंडा बैठक से केवल एक दिन पहले ही जारी किया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठकों में लिए जाने वाले फैसलों की कार्यवाही तीन कार्य दिवस के भीतर जारी की जाए। मुख्य सचिव ने प्रशासनिक सचिवों के लिए एक ई-मेल आईडी जारी करके निर्देश दिए हैं कि वह बैठक का एजेंडा तथा विस्तृत ब्यौरा उन्हें मेल करें।

# पक्की भर्तियों के बाद हटाए गए कच्चे कर्मचारियों की जानकारी मांगी

- नए कर्मचारियों के कार्यभार संभालने से पांच साल से कम सेवा वाले कच्चे कर्मचारियों की हो रही छुट्टी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के 24 हजार पदों पर पक्की भर्ती के बाद अब प्रदेश सरकार ने उन सभी कच्चे कर्मचारियों की जानकारी मांगी है, जिन्हें नए कर्मचारियों की जॉइनिंग के चलते हटाया गया है। आउटसोर्सिंग पालिसी पार्ट-2 के तहत लगे पांच साल से कम अनुभव वाले इन कर्मचारियों को हटाने के बाद से ही कर्मचारी संगठन सरकार पर हमलावर हैं।

मुख्य सचिव कार्यालय ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्ड-निगमों तथा सरकारी कंपनियों के प्रबंध निदेशक, मुख्य प्रशासक और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, मंडलायुक्त, हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार, उपायुक्तों और एसडीएम से पूछा है कि आउटसोर्सिंग नीति भाग- के अंतर्गत विभागों तथा बोर्ड-निगमों में कार्यरत कितने संविदा कर्मचारियों को ग्रुप सी व डी के नए नियमित कर्मचारियों के शामिल होने के कारण सेवा से मुक्त किया गया है। इसका पदवार ब्योरा देना होगा।

साथ ही जानकारी मांगी है कि आउटसोर्सिंग नीति के भाग-द्वितीय के अंतर्गत कार्यरत कितने संविदा कर्मचारी 'हरियाणा संविदा कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम-2024' के अंतर्गत आते हैं तथा कितने उक्त अध्यादेश के अंतर्गत नहीं आते हैं? आउटसोर्सिंग नीति के भाग- के तहत जिन पदों पर अनुबंधित कर्मचारी काम कर रहे हैं, उन पदों को भरने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग या हरियाणा लोक सेवा आयोग को मांग भेजी गई है या नहीं? यदि हां तो इसका पदवार विवरण देना होगा।

यदि किसी ऐसे पद पर भर्ती शुरू नहीं की है, जहां संविदा कर्मचारी काम कर रहे हैं तो इसकी जानकारी भी देनी होगी।

## पंजाब और हरियाणा में ठंड का प्रकोप जारी

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा में सोमवार को ठंड के प्रकोप में कोई कमी नहीं आई और अमृतसर में न्यूनतम तापमान सबसे कम 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब के अन्य स्थानों में से लुधियाना में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। फरीदकोट में न्यूनतम तापमान 5.3 डिग्री सेल्सियस, पठानकोट में 5.6 डिग्री सेल्सियस, गुरदासपुर में 6.5 डिग्री सेल्सियस, बठिंडा में 6.8 डिग्री सेल्सियस और पटियाला में 7.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रहा। करनाल में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री सेल्सियस, हिसार और सिरसा में 7.8 डिग्री सेल्सियस, भिवानी में 8.5 डिग्री सेल्सियस और रोहतक में न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# हरियाणा में कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की सीमा हुई 25 लाख

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और न्यायिक अधिकारियों के लिए राहत भरा फैसला लिया है, जिसमें वर्करों के लिए मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की सीमा को 25 प्रतिशत तक बढ़ाया जाएगा।

यह फैसला हालही में मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया था। मुख्यमंत्री के फैसले पर सोमवार को सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। इससे कर्मचारियों और उनके परिवारों को आर्थिक सहायता मिलेगी। यह फैसला एक जनवरी 2025 से लागू माना जाएगा। हरियाणा में विभिन्न विभागों में करीब 72 हजार नियमित कर्मचारी हैं। हरियाणा में पहले मृत्यु-सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपए थी। जिसे अब 25 लाख रुपए कर दिया गया है। इसी साल से हरियाणा सरकार के इस फैसले को लागू कर दिया जाएगा। जिसके बाद सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर 25 लाख रुपए दिए जाएंगे। ग्रेच्युटी एक ऐसी लाभ योजना है, जिसे कर्मचारियों को तब दिया जाता है जब वह सेवानिवृत्त हो जाते हैं।

# एट्रीयम मॉल में लोहड़ी उत्सव में संस्कृति से जुड़े दिखे लोग

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सेक्टर-57 स्थित एम3एम एट्रीयम मॉल में इनोवाना फिटनेस लैब्स और एनीटाइम फिटनेस की ओर से लोहड़ी पर्व पर भव्य भांगड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों ने खूब मस्ती की और एक-दूसरे को लोहड्डी पर्व की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने इस कार्यक्रम में नृत्य, संगीत का आनंद लिया गया।



सेक्टर-57 स्थित एट्रीयम मॉल में लोहड़ी मनाते लोग।

द ग्रैंड भंगड़ा सेलिब्रेशन में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी ने लोहड़ी पर्व पर मस्ती की और इस आयोजन की सराहना की। फिटनेस और संस्कृति को मिलाकर एक प्रेरणादायक, आनंददायक अनुभव इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इनोवाना फिटनेस लैब्स और एनीटाइम फिटनेस का लोगों ने आभार जताया।

लोगों ने कहा कि ऐसे आयोजन हमें अपनी संस्कृति के प्रति लगाव को और गहरा करते हैं, साथ ही भावी पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति, तीज-त्योहारों के बारे में जागरुक करते हैं।

## इस साल पुलिस ने ड्रंकन ड्राइव में 636 वाहन चालकों के किए चालान

**गुरुग्राम।** पुलिस ने साल 2025 के 12 दिन में शराब पीकर वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) करने वालों पर शिकंजा कसते हुए 636 वाहनों को जब्त किया। आरोपियों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। दो वाहनों को भी इंपाउंड किया गया है।

पुलिस द्वारा एक जनवरी 2025 से 12 जनवरी 2025 तक यातायात नियमों की पालना कराने के उद्देश्य से ड्रिंक एंड ड्राईव करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। पुलिस टीमों द्वारा नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान चार महिला वाहन चालक सहित कुल 636 वाहन चालक ड्रिंक एंड ड्राईव करते हुए मिले। उनके चालान किए गए।

इस दौरान दो वाहन को इंपाउंड भी किया गया। पुलिस आयुक्त विरेंद्र विज के अनिसार यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान का उद्देश्य ड्रिंक एंड ड्राईव करने वाले वाहन चालकों पर नकेल कसना तथा यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराते हुए यातायात का संचालन व्यवस्थित तथा सुरक्षित करना है। पुलिस सभी से अपील करती है कि यातायात के सभी नियमों की पालना करें। किसी भी प्रकार का नशा करके वाहन ना चलाए। गुरुग्राम पुलिस द्वारा समय-समय पर रात के समय विशेष नाके लगाकर वाहनों को चैक किया जाता है।

# अवैध संबंधों के शक में दोस्त ने ही की थी युवक की हत्या

- झाड़ियों में मिला था दीपक का शव, हत्यारे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस ने एक हत्याकांड का खुलासा करते हुए मृतक के दोस्त को गिरफ्तार किया है। मामला आदर्श नगर क्षेत्र का है, जहां 16 दिसंबर को लापता हुए दीपक की लाश 8 जनवरी को आशियाना फ्लैट की झाड़ियों से बरामद हुई थी। हत्यारोपी पत्नी के साथ अवैध संबंध होने के शक में युवक की हत्या की थी। इसी शक के चलते आरोपी ने हत्या की योजना बनाई।

पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने जांच के दौरान मृतक के दोस्त करण को आशियाना फ्लैट सेक्टर-62 से गिरफ्तार किया। यह मामला तब और गंभीर हो गया था जब मृतक के भाई दिलीप ने इलाके के 14 मुस्लिम लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। सहायक पुलिस आयुक्त अपराध अमन यादव ने बताया कि मृतक दीपक का भाई दिलीप, मूल रूप से बिहार के सिवान जिले का रहने वाला है। उसने 17 दिसंबर को अपने भाई की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दीपक 16 दिसंबर को घर से बाहर जाने की बात कहकर निकला था और फिर वापस नहीं लौटा।

अपराध शाखा डीएलएफ के उप निरीक्षक रमेश के नेतृत्व में गठित टीम ने इस मामले का खुलासा किया। पुलिस अब आरोपी करण से पूछताछ कर हत्या के कारणों का पता लगा रही है। इस मामले में पुलिस की कार्रवाई से सांप्रदायिक तनाव की आशंका भी टल गई है। मृतक दीपक व आरोपी करण आपस मे दोस्त थे, आरोपी करण की दो पत्नियां है। मृतक दीपक का, आरोपी की पहली पत्नी के साथ अवैध संबंध होने का शक था, जिस कारण आरोपी व मृतक की एक बार पहले भी आपस मे कहासुनी हो चुकी थी। आरोपी करण ने मृतक दीपक को शराब पिलाकर नशे में मारने का प्लान करके सिर में चोट मारकर, मफलर से गला दबाकर हत्या करके दीपक की नाश को झाड़ियों मे डाल दिया। आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

# धुंध व कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतें चालक: उपायुक्त

- डीसी ने वाहन चालकों को आगे चलने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मौसम में सुबह व शाम को कोहरे के दृष्टिगत सड़क सुरक्षा बनाये रखते हुए डीसी अजय कुमार ने सावधानी रखने का आह्वान किया है। आमजन से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वाहन का उपयोग करते हुए सावधानी बरते।

डीसी ने कहा कि धुंध के मौसम में विजिब्लिटी कम हो जाती है, जिससे हादसे होने का अंदेशा बना रहता है। उन्होंने आमजन को धुंध के मौसम में विशेष सावधानी बरतने का आवाहन करते हुए कहा कि इस दौरान ड्राइविंग से पहले मौसम के पूर्वानुमान की निगरानी करने के बाद ही गंतव्य के लिए प्रस्थान करें। उन्होंने कहा कि धुंध में एहतियाती उपायों से आप स्वयं ही नहीं बल्कि दूसरे को भी सुरक्षित रखेंगे। उन्होने कहा कि जितना अधिक लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सावधानी से वाहन चलाएंगे, उतना ही सफर सुरक्षित होगा।

डीसी ने कहा कि वाहन चालकों को आगे जाने वाले वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखनी चाहिए और फॉग लाइट्स व इंडीकेटर्स को लगातार ऑन रखना चाहिए। इसके साथ-साथ लो-बीम पर हेड-लाइट्स के साथ ड्राइव करें, क्योंकि हाई-बीम धुंध व कोहरे में बैक रिफ्लेक्ट कर विजिब्लिटी को बाधित करती है। धुंध के दौरान लेन बदलने व ट्रैफिक क्रॉस करने से बचे। उन्होंने कहा कि विजिब्लिटी बेहद खराब होने की स्थिति में वाहन चालक सडक़ पर पेंट की गई लाइन को गाइड के रूप में उपयोग करते हुए वाहन चलाएं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे वाहनों की गति सीमा नियंत्रित रखे व मोबाइल फोन तथा म्यूजिक सिस्टम का उपयोग करने से बचें। लोगों को अपने वाहनों को मुख्य सड़क पर पार्क नहीं करना चाहिए।

## पुलिस ने वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टिव टेप

- यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा महीने कार्यक्रम के अनुसार यातायात निरीक्षक धर्मवीर सिंह, निरक्षक अवतार सिंह, निरक्षक सत्यवीर सिंह, निरक्षक रामकिशन, यातायात पुलिस कर्मचारी, जगदीश बवेजा की सहायता से हीरो होंडा चौक, जयसिंह चौक, सेक्टर 37 प्वाइंट समेत कई चौक-चौराहों पर 150 से अधिक वाहनों पर रिफ्लेक्टिव लगाए गए। यातायात पुलिस का मकसद वर्ष 2023, 2024 के मुकाबले इस वर्ष 2025 में लोगों को अधिक से अधिक यातायात नियमों के प्रति जागरूक करके सड़कों पर होने वाले हादसों में कमी लाना है। यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को नियमों की जानकारी और सड़कों पर सुरक्षित तरीके से वाहन चलाने बारे भी प्रेरित किया। सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पूर्व सुरेन्द्र कौर की देखरेख में यह अभियान चलाया जा रहा है। धुंध में कई बार वाहन चालकों को अपने आगे चल रहे दूसरे वाहन दिखाई नहीं देते और हादसे भी हो जाते हैं।


PUBLIC NOTICE

My Clients Varinder Singh (having Aadhar no. 348231981438) S/o Late Sh. Pyara Singh & Kulwant Kaur W/o Varinder Singh both R/o50A, 1st Floor, Front Side Khasra no. 33/6 Vikas Vihar Nilothi Extension, New Delhi-110041 have severed/terminated all relations from his son SATPAL SINGH SABHARWAL & his wife Baljinder Kaur including their children and disinherit/disown them from their all moveable and immovable properties including current residence due to their misbehaviour, cruelty etc. In future any person deal with the aforesaid debarred persons that shall be his/her own risks and cost and my clients will not be responsible for the same in any manner

SANTOSH KUMAR (ADVOCATE)
WZ-64A, Mukherjee Park, Tilak Nagar, N.Delhi-18

PUBLIC NOTICE

I, Jitendra Singh S/o Lt. Col.Surinder Singh R/o DDA SFS Flat No. 557, Third Floor, Pocket-A, Category-II, Sarita VIHAR, DELHI-110076, owner of DDA SFS FLAT NO. 557, Third Floor, Pocket-A, Category-II situated at Sarita Vihar, Delhi, vide DDA File no.F127(3260)83/SFS/SV/II. The original document i.e. Possession Letter of the above said property have been lost or misplaced by us and not traceable inspite of his best efforts. An F.I.R./NCR to this effect has been lodged in the Police Station, Crime Branch, Delhi (LR No.2485108/2025 dated 11.01.2025.

Any person(s) claiming any rights, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9810307272 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director LAB (SFS Housing) or Director (Housing), D Block, Vikas Sadan, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

I, Sarita Devi W/o Amba Dutt Tripathi R/o House No-135/23,Gali No 34/35 B-Block, Sant Nagar Burari, North Delhi, Delhi-110084, declare that date of birth has been wrongly written as 27/03/2008 in my minor daughter namely Harshita Tripathi aged about 17 years in her 10th class marksheet and certificate, the actual and correct date of birth of my daughter is 27/03/2007.

PUBLIC NOTICE

My client, Mrs Sunita Sharma, w/o Lt. Mr Vinod Kumar, r/o HA-95, Sector 144, Noida, 201304, has disowned her son, Mr. Mayank Sharma, and his wife, Mrs Nancy Sharma, due to misconduct & conflicts.

They are debarred from any rights or claims to my client's movable and immovable assets/properties. Any dealings with them will be at your own risk, as my client will not be liable for their actions.

Sd/-
Adv. Richa Chauhan
Enrol. D/3078/2009

सार्वजनिक सूचना

मेरे मुवक्किल श्रीमती शकीला बानो द्वारा आम जनता को जानकारी दी जाती है कि वे बिल्ट-अप प्रॉपर्टी नंबर बी-11/74, पुराने नंबर बी-736 की मालिक हैं, जो प्लॉट नंबर 78-ए पर बनी है, जिसका क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नंबर 20 और 21 है, जो गाँव-बाबरपुर, आबादी गली नंबर 6, बी-ब्लॉक, कबीर नगर, शाहदरा, दिल्ली-110094 में स्थित है, जो मोहम्मद मंसूर द्वारा निष्पादित गिफ्ट डीड दिनांक 27.01.2020 (दस्तावेज संख्या 431) के आधार पर है, उनके पास कन्हैया लाल के नाम पर पंजीकृत शीर्षक दस्तावेज और मोहम्मद मंसूर के नाम पर पंजीकृत शीर्षक दस्तावेज नहीं हैं। और यह मेसर जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड का बीटी मामला है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा और/या आपत्ति/या मुकदमा है, तो उसे इस नोटिस के प्रकाशन से 07 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के पते पर इसके समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के साथ सूचित करना होगा, अन्यथा ऐसे व्यक्ति/संस्था के सभी दावे उक्त संपत्ति या खरीदार पर बाध्यकारी नहीं होंगे। विक्षा लीगल, राम प्रकाश पांडे, (एडवोकेट), 2ई/23, तीसरी मंजिल, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली- 110055, मोबाइल नंबर : 9871308962

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Saha Devi Nougai W/o Basba Nand Nougai R/o W-84, Sector-12, Noida Gautam Budh Nagar, UP-201301 declare that Saha Devi & Saha Devi Nougai both name same & one Person. In future know as me Saha Devi Nougai for all Purpose.

PD(1248)C

PUBLIC NOTICE

Notice is hereby given that my client Arun Mittal is in process to purchase the Plot bearing no. 81, area measuring 6-2/3 marla out of Khasra no. 32/20/2(6-2) situated in the area of village Uncha Gao, Tehsil Ballabgarh, District Faridabad Haryana (availing loan from PCHFL) from Shyam Singh, Shyam Lal and Sunder Lal, having acquired the said property by virtue WILL dated 23/11/1990 Doc no.1173 executed by their Father Natthi Singh, Later on he was expired on 5/5/1992 and Natthi Singh was acquired the said property by virtue Sale Deed dated 7/7/1982 Doc no.4253

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

Kamal Kant Gupta (Advocate)
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

PUBLIC NOTICE

The General Public is hereby informed that my client Mr. Vinod Kumar S/o Roshan Lal and his Wife Savita Jindal both are R/o-159, 3rd floor, Vivekanand Puri, Sarai Rohilla, Malka Ganj, North Delhi, Delhi-110007, declares that their Son Rachit Jindal and his wife Charu Jindal are not co-operating well & showing selfish attitude towards my client. They are living separately and they both keep on fighting with my client and creating hurdles, mental tortures and agonies for my client and do not let him live peacefully. So my client hereby severe all his relations, ties and knots with their above named son and his wife. They are therefore debarred and disentitled to claim any right or concern in any of movable or immovable properties of my client. Any person dealing with them, will do so at his/her own risk and cost & my client will not be responsible for the same.

PARVEEN KUMAR (Advocate) J-1/105, Main Road JJ Colony Wazirpur, Ashok Vihar, Delhi-110052
M. No- 9211830045, 8802035883.

Public Notice

This is to inform the general public that Mrs. Deepa Jain & Mrs. Rakhi Jain are the GPA Holders of Flat bearing Pvt. No. 202, area measuring 900 sq. ft., in back portion on Second Floor "Said Flat" built on Property bearing no. G-3A, out of Khasra no. 76 situated at Block-G Extn., in the abadi of Laxmi Nagar Subhash Chowk, in the village Shakarpur Khas, Illaqa Shahdara, Delhi-110092. They are in possession through Regd. GPA dated 07.12.2005 as doc. No. 23703 executed by Mr. Ashish Bansal in favour of Mrs. Deepa Jain & Mrs. Rakhi Jain in respect of said flat and Notarized ATS & Will dated 07.12.2005 executed by Mr. Ashish Bansal in favour of Mrs. Deepa Jain & Mrs. Rakhi Jain in respect of Flat. Mrs. Deepa Jain & Mrs. Rakhi Jain intends to transfer the ownership of aforementioned flat by way of Sale Deed to Mr. Rajan Kumar Jha. Subsequently, Mr. Rajan Kumar Jha is in the process of mortgaging the said property with SMFG India Home Finance Co. Ltd. (Formerly Fullerton India Home Finance Co. Ltd.). Any objections or concerns regarding this transaction should be raised within a period of 07 days from the date of this public notice. Any objections submitted after the completion of this 07-day period will not be considered binding with respect to the said property or the interests of our client.
f anyone wishes to raise an objection, please do so within the stipulated 07-days period by contacting Law Veritas: North (Advocates & Legal Consultants) at Office No. 11, 1st Floor, Building No. A-44/A, Sector-16, Noida, Uttar Pradesh-201301; Landline(s): +910120-3101683, e-mail: accounts@lvnorth.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रंजना वार्ष्णेय पत्नी श्री विवेक कुमार गुप्ता निवासी बी-55, द्वितीय तल, रामदत्त इन्कलेव, उत्तम नगर वेस्ट, नई दिल्ली - 110059 एवं श्री ओम प्रकाश पुत्र गंगा सहाय निवासी बहजोई देहात, गोलागंज विद्यालय के सामने, संभल, उत्तर प्रदेश- 202410 उक्त दोनो साझेदारों द्वारा एक फ्लैट नं. 09156, टॉवर- मारवेला, महागुन मायवुड्स, प्लॉट नंबर GH-04, सैक्टर-16C, ग्रेटर नौएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश में बुक कराया था लेकिन दुर्भाग्यवश श्रीमती रंजना वार्ष्णेय की दिनांक 27.04.2021 को मृत्यु हो गई है जिनके श्री विवेक कुमार गुप्ता विधिक प्रतिनिधि हैं तथा आपसी सहमति के आधार पर उक्त फ्लैट नं. 09156 का हस्तांतरण ओम प्रकाश पुत्र गंगा सहाय के नाम दर्ज कराने हेतु महागुन इंडिया प्रा. लिमिटेड के समक्ष आवेदन किया है। यदि श्री विवेक कुमार गुप्ता के अलावा अन्य कोई व्यक्ति मृतक श्रीमती रंजना वार्ष्णेय का विधिक प्रतिनिधि हो तो वह अपनी आपत्ति महागुन इंडिया प्रा. लिमिटेड के कार्यालय ए-19, सैक्टर-63, नौएडा में लिखित रूप में विज्ञापन प्रकाशित करने की तिथि से 15 दिन के अन्दर दर्ज करा सकते हैं, अन्यथा की स्थिति में ओम प्रकाश पुत्र गंगा सहाय के पक्ष में उक्त फ्लैट नंबर 09156 को दर्ज करा दिया जायेगा। व नियत तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी।

महागुन इंडिया प्रा. लिमिटेड

PUBLIC NOTICE

Plot No.145, Sec-38, IIDC, Phase-I, Rai. I.E, Sonepat, measuring 312.50 sq mtr was allotted by the Corporation to Sh. Shree Chand Talreja ( now deceased) S/o Lt. Shri NanuMal Talreja resident of House No.240, Kohat Enclave, PitamPura, Delhi-110034 also Proprietor of M/s Marton Polymers vide Allotment Letter No: 19002 Dated 20/02/2001. The Corporation has been informed that Sh. Shree Chand Talreja has expired on 23/11/2024. The legal heirs of the deceased allottee namely (a) Smt. Indra Talreja ( Wife) (b) Sh. Rishi Talreja ( Son) (c) Sh. Kapil Talreja ( Son) (d) Mrs. Ritu Keshwani (Daughter) have approached the Corportaion for the transfer of the plot in question in favour of (1) Mr. Rishi Talreja and (2) Mr. Kapil Talreja both are the sons of the deceased. The Corporation is in the process of considering their request and transferring the said plot in favour of (1) Mr. Rishi Talreja and (2) Mr. Kapil Talreja. Through the Public Notice, it is hereby informed that any person having reservation/objection to the said family transfer may file his/her objection in writing before the undersigned along with an affidavit within a period of 30 days from the date of publication of this Notice. In case no response within the aforesaid period, it will be presumed that no one has any objection to transfer of the captioned plot in favour of (1) Mr. Rishi Talreja and (2) Mr. Kapil Talreja and the Corporation shall go ahead with the transfer of plot in favour (1) Mr. Rishi Talreja and (2) Mr. Kapil Talreja both are the sons of deceased allottee Late Shree Chand Talreja.

Asst. General Manager ( Estate)
cum-estate Manager
For & behalf of
State Industrial &
Infrastructure Dev. Corpn. Ltd
Branch office,I.E , Rai,
District Sonepat, Haryana-131029
Email: hsiidcrai@gmail.com/
estate.rai@hsiidc.org.in

# खिचड़ी के चार यार - दही, घी, पापड़ और अचार

## मकर संक्रांति पर्व



**नई दिल्ली।** (भाषा) भारत में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर विभिन्न प्रांतों में प्रसाद के रूप में खिचड़ी तैयार की जाती है। कहीं इसे ताई पोंगल, कहीं खेचड़ा, कहीं माथल तो कहीं बीसी बेले भात कहा जाता है। नाम चाहे कुछ भी हो लेकिन इसे खाने का असली मजा दही, घी, पापड़ और अचार के साथ ही आता है। कहा भी गया है–खिचड़ी के चार यार –दही, घी, पापड़ और अचार।

खिचड़ी मुगल बादशाह जहांगीर और औरंगजेब को भी बहुत पसंद थी। इतना ही नहीं, अंग्रेज भी भारत से इस पोषक आहार को ब्रिटेन लेकर गए थे जहां आज यह नाश्ते में शौक से खाई जाती है।दीनदयाल शोध संस्थान, नई दिल्ली द्वारा भारत में खानपान की विविध परंपरा और संस्कृति पर प्रकाशित किताब पोषण उत्सव में खिचड़ी को लेकर ऐसी ही बहुत सी दिलचस्प जानकारी दी गई हैं।संक्रांति पर्व पर देश के विभिन्न हिस्सों में खिचड़ी को प्रसाद के रूप में ग्रहण करने की समृद्ध परंपरा है और संपूर्ण देश में अलग अलग नामों से प्रचलित खिचड़ी का ऐतिहासिक दस्तावेजों में भी उल्लेख मिलता है।किताब में बताया गया है कि यूनानी राजदूत सेल्यूकस ने भारतीय उप महाद्वीप में दाल और चावल की लोकप्रियता के बारे में उल्लेख किया है, साथ ही मोरक्को के यात्री इब्नबतूता ने भी 1550 के अपने भारतीय प्रवास के दौरान चावल और मूंग से बने व्यंजन के रूप में खिचड़ी का वर्णन किया है।किताब में दावा किया गया है कि खिचड़ी की परंपरा इतनी पुरानी है कि 15वीं शताब्दी में भारत की यात्रा करने वाले अफानासी निकितिन ने भी खिचड़ी पर अपनी कलम चलाई। किताब के अनुसार, खिचड़ी मुगल साम्राज्य, विशेष तौर पर जहांगीर के समय में बहुत लोकप्रिय थी। यहां तक कि औरंगजेब को भी खिचड़ी बहुत पसंद थी।

पुस्तक के अनुसार, 19वीं शताब्दी में अंग्रेज भारत से खिचड़ी अपने देश ले गए जहां यह केडगेरे नाम से इंग्लैंड में एक नाश्ता पकवान बन गई। इतिहास को उद्धृत कर किताब में कहा गया है कि 19वीं शताब्दी में अवध के नवाब उद्दीन शाह के समय खिचड़ी का स्वाद बढ़ाने के लिए इसमें बादाम और पिस्ता भी इस्तेमाल किया जाता था और हैदराबाद के निजामों ने भी अपने शाही भोजन में खिचड़ी को बहुत महत्व दिया। खिचड़ी पर लेख के अनुसार, कन्याकुमारी से लेकर खीर भवानी तक, कोटेश्वर से कामाख्या तक, जगन्नाथ से केदारनाथ तक, सोमनाथ से काशी विश्वनाथ तक, सम्मेद शिखर से श्रवणबेलगोला तक, बोधगया से सारनाथ तक, अमृतसर से पटना साहिब तक, अंडमान से अजमेर तक, लक्षद्वीप से लेह तक, पूरा भारत किसी न किसी तरह से खिचड़ी का प्रेमी है। किताब कहती है कि खिचड़ी एक ऐसा भोजन है जिसमें बहुत लचीलापन है। शैशवकाल का पहला भोजन खिचड़ी ही होता है। जीवन के अंतिम क्षणों में भी खिचड़ी का ही सहारा होता है। बीमार होने पर या बीमारी के बाद भी खिचड़ी एक सुपाच्य भोजन के रूप में पाचनतंत्र पर महरम की तरह काम करती है। किताब कहती है कि इस प्रकार पूरे भारत में खिचड़ी एक उत्सव का नाम है। मृत व्यक्ति की स्मृति में पहला गोग्रास छोड़ना हो तो भी खिचड़ी। और अब तो लग्जरी रिजार्ट के एग्जॉटिक मेन्यू में भी प्रमुख स्थान पा चुकी है खिचड़ी। लेख में खिचड़ी को लेकर प्रचलित मुहावरा बीरबल की खिचड़ी का जिक्र करते हुए कहा गया है कि मुगल सम्राट अकबर के समय में भी खिचड़ी प्रचलित रही होगी। लेख में उस दंतकथा का भी उपयोग किया गया है जिसके अनुसार, अपने कुछ असफल अभियानों के बाद अपनी सामरिक रणनीति को बदलने की प्रेरणा मराठा योद्धा शिवाजी को खिचड़ी से ही मिली थी। ऐसी ही कुछ कहानी महाराणा प्रताप के बारे में भी है –यानि मेवाड़ से मराठवाड़ा तक खिचड़ी का एकछत्र प्रताप।किताब के अनुसार, खिचड़ी मात्र एक भोजन ही नहीं बल्कि भारत की पूरी संस्कृति और भारतीय भोजन शैली की अगुवा है। इसके चार यार कहे जाते हैं –दही, घी, पापड़ और अचार। खिचड़ी को खाने का असली मजा तभी आता है जब इसे चम्मच के बजाय हाथ से खाया जाए।किताब में जानकारी दी गई है कि खिचड़ी से जुड़े त्योहार को देश के प्रांतों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। जैसे, तमिलनाडु में इसे ताई पोंगल या उझवर तिरूनल कहा जाता है। गुजरात और उत्तराखंड में उत्तरायण पर्व पर खिचड़ी को प्रसाद के रूप में तैयार किया जाता है। असम में भोगाली बिहु, कश्मीर घाटी में शिशुर सेंक्रात, पंजाब में लोहड़ी, कर्नाटक में मकर संक्रमण पर्व पर खिचड़ी बनाने की परंपरा है। पोषण उत्सव में देश के विभिन्न राज्यों में खिचड़ी से जुड़े त्यौहारों और उनमें इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य अन्न और मसालों का भी विस्तार से ब्यौरा दिया गया है। किताब में बताया गया है कि हिमाचल प्रदेश में आलााबाला खिचड़ी चना, भुना हुआ धनिया और छाछ के साथ बनाई जाती है जबकि उत्तराखंड के गढ़वाल में खिचड़ी उड़द की दाल, तिल और गर्म मसाले के साथ तैयार की जाती है।किताब के अनुसार, उत्तर प्रदेश में आंवला खिचड़ी बहुत लोकप्रिय है तो वहीं ओडिशा में खिचड़ी को खेचड़ा कहा जाता है जहां आमतौर पर इसे अदरक और हींग के साथ बनाया जाता है। जगन्नाथ मंदिर के महाप्रसाद में भी खिचड़ी एक महत्वपूर्ण व्यंजन है। कई जगह पर खिचड़ी को अचार, दही, आलू भर्ता, बैंगन भर्ता, दालमा और चटनी के साथ परोसा जाता है। पोषण उत्सव के अनुसार, आंध्र प्रदेश में संक्रांति व अन्य त्यौहारों पर मुख्य भोजन खिचड़ी ही होता है। यहां काजू के इस्तेमाल के कारण खिचड़ी गरिष्ठ होती है। केरल में इस खिचड़ी को माथन कहा जाता है और इसमें माथन यानि के लाल कद्दू मुख्य सामग्री होती है। इस प्रदेश में इमली, नारियल और करी पत्ता इसकी पौष्टिकता में और इजाफा कर देते हैं।किताब में और ज्यादा जानकारी देते हुए कहा गया है कि कर्नाटक में यही खिचड़ी बीसी बेले भात कहलाती है जो बहुत ही लोकप्रिय व्यंजन है। यहां पर हग्गी खिचड़ी भी खासी प्रचलित है और कर्नाटक में श्रीकृष्ण मठ महोत्सव के लिए विशेष रूप से इसे तैयार किया जाता है।

किताब में विभिन्न राज्यों में प्रचलित इसके अनूठे नामों का भी उल्लेख किया गया है। जम्मू कश्मीर में मोंग खेचिर, राजस्थान में बाजरा खीचड़ा, पूर्वोत्तर के राज्यों में जा दोई, मणिपुरी खिचड़ी, काली दाल खिचड़ी, महाराष्ट्र में वालाची खिचड़ी, बंगाल में खिचुरी, तमिलनाडु में वेन पोंगल, खारा पोंगल, मिलागु पोंगल और सक्कराई पोंगल, आंध्र प्रदेश में पुलागम, कीमा खिचड़ी और केरल में माथन खिचड़ी कहलाती है।किताब में यह रोचक जानकारी दी गई है कि भारत के बाहर भी खिचड़ी काफी लोकप्रिय है। बांग्लादेश में पौष संक्रांति, थाइलैंड में सोंगकरन, कम्बोडिया में मोहा संगक्रान, लाओस में पिमालाओ, श्रीलंका में पोंगल, उझवर तिरूनल और नेपाल में माघे संक्रांति पर खिचड़ी पकाई जाती है। ऐसा कहा जाता है कि राजस्थान में सैनिकों के लिए खिचड़ी मुख्य आहार था और इसके लिए गांव वालों से अलग से लगान लिया जाता था जिसे खिचड़ा लाग कहा जाता था किताब के अनुसार, गुजरात जैसे कुछ बड़े राज्यों में विभिन्न हिस्सों में खिचड़ी के नाम बदल जाते हैं। गुजरात के काठियावाड़ में राम खिचड़ी, सूरत में सोला खिचड़ी और पारसी समुदाय में भड़ूची वाघरेली खिचड़ी चाव से खाई जाती है।

## ग्रामीण समुदायों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करने का किया प्रयास

**प्रयागराज।** नेस?ले इंडिया ने उत?तर प्रदेश के सोनभद्र में प्रोजेक?ट वृद्धि का विस?तार किया ग्रामीण समुदायों को सकारात?मक रूप से प्रभावित करने का प्रयास किया। नेस?ले इंडिया ने एसएम सहगल फाउंडेशन के साथ मिलकर प्रोजेक?ट वृद्धि को उत?तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लांच किया है। इस प्रोजेक?ट से चतरा तहसील के अईकर नरोखारा करमनु परारी खुर्द और विराधी गांवों के छह हजार से अधिक लोगों को लाभ मिलेगा। प्रोजेक?ट वृद्धि को 2019 में हरियाणा के नूह जिले में शुरू किया गया था और तब से यह जल संरक्षण पोषण जागरूकता शिक्षा और कृषि पद्धतियों के क्षेत्र में चौदह गांवों के 18 हजार से ज्यादा लोगों के लिए मददगार साबित हुआ है। संजय खजुरिया डायरेक?टर कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सस?टेनिबिलिटी नेस?ले इंडिसा ने कहा नेस?ले इंडिया में हमें यह यकीन है कि स्थायी बदलाव लाना जरूरी हैए ताकि समुदायों का उत?थान हो और उनकी आजीविका बेहतर हो सके। प्रोजेक?ट वृद्धि ने हरियाणा के गांवों में महत?वपूर्ण बदलाव लाकर उनकी स्थिति को सुधारा है। जिससे उन?हें स्वच?छ जल पोषण शिक्षा और कृषि की संवहनीय पद्धतियों तक आसानी से पहुंच मिली। अब हम इस पहल को उत?तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में लेकर जा रहे हैं। जहां हमारा फोकस स?थानीय समुदायों को सही संसाधनों और ज्ञान से सशक?त करना है। विस?तार के बारे में बताते हुए एसएम सहगल फाउंडेशन की ट्रस?टी एवं सीईओ अंजली मखीजा ने कहा प्रोजेक?ट वृद्धि का उत?तर प्रदेश के नये क्षेत्रों में फैलना हमारे लिए गर्व की बात है। पिछले पांच वर्षों में इसने हरियाणा के ग्रामीण समुदायों के जीवन में सकारात?मक बदलाव लाया है।

## युवक की ट्रैक्टर पलट जाने से मौत से गांव में मचा कोहराम

**भीटी** अंबेडकर नगर। अंबेडकर नगर महरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुकुंदीपुर निवासी विंध्याचल सिंह उर्फबड़े स्वर्गीय कृष्ण चंद्र सिंह रविवार की रात अपने गांव मुकुंदीपुर गांव से गान्न् लाद कर मिझौडा चीनी मिल ट्रैक्टर चलाकर लेकर जा रहे थे की भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत चन्हा चौराहा से लगभग 200 मीटर मिझौडा रोड पर पहुंचे थे कि तभी ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर बगल गड्ढे में पलट गया और मृतक ट्रैक्टर के बड़े चक्के के नीचे दब गया जिसे तत्काल क्षेत्रीय लोगों द्वारा जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को खड़ा कर पुलिस को सूचना देते हुए एंबुलेंस द्वारा तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा मृतक घोषित कर दिया गया जिसकी खबर क्षेत्र में फैलते ही चारों तरफकोहराम मच गया और पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही गांव में कोहराम मच गया और परिवार जनों का रो.रो कर बुरा हाल है वहीं अंतिम दर्शन के लिए हजारों की संख्या में महिला और पुरुष पहुंच गए जिनका अंतिम संस्कार गांव के बगल बाग में किया गया वहीं गांव वालों द्वारा बताया गया मृतक विंध्याचल सिंह दो भाई थे दूसरा भाई दुर्ग विजय सिंह नलकूप विभाग में पिता की मृतक आश्रित नौकरी करते हैं और बड़े भाई विंध्याचल सिंह घर पर रहकर खेती.बाड़ी तथा परिवार की देखभाल करते हुए गांव के बगल बाल्ली पटरे की दुकान भी डाल रखी थी माता.पिता का लगभग 10 वर्ष पहले ही देहांत हो चुका था मृतक विंध्याचल सिंह के दो पुत्री एक लगभग 6 वर्ष और दूसरी चार वर्ष तथा एक ढाई महीने का पुत्र है मृतक की उम्र लगभग 32 वर्ष बताई जा रही है इस दर्दनाक घटना से गांव तथा क्षेत्र में कोहराम स मच गया है

## वाराणसी खण्ड स्नातक क्षेत्र के लिए चौधरी दिनेश चन्द्र राय प्रत्याशी घोषित



**गाजीपुर।** उणप्रणमाध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की प्रथम बैठक एम ए एच इण्टर कालेज में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रदेशीय मंत्री चौधरी दिनेश चन्द्र राय व पूर्व अध्यक्ष नारायण उपाध्याय ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों का माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया।बैठक में जिला कार्यकारिणी ने जिला सम्मेलन अष्ट शहीद इण्टर कालेज मुहम्मदाबाद में कराने का निर्णय लिया गया। इसकी तिथि प्रदेशाध्यक्ष से बात करके जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा। जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए जनपद कार्यकारिणी शीघ्र जनपद के अपने इकाईयों का दौड़ा करेगी।जनपदीय समस्याओं को लेकर भी चर्चा हुईए जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार को सम्बंधित अधिकारियों ने तत्काल नहीं रोकाए तो संगठन तालाबंदी से लेकर बोर्ड परीक्षा का भी बहिष्कार करने का निर्णय करेगा। जिला संगठन ने सर्वसम्मति से वाराणसी खण्ड स्नातक निर्वाचन 2026 के लिए अपना प्रत्याशी चौधरी दिनेश चन्द्र राय को घोषित कियाएसाथ ही इसकी सूचना प्रदेश संगठन को भी दी जाएगीए ताकि प्रदेश अध्यक्ष जी संगठन की ओर से दिनेश चन्द्र राय को अपना प्रत्याशी घोषित करें। प्रदेश संगठन द्वारा आयोजित आगरा के सफलतम सम्मेलन के लिए संगठन व प्रदेशीय माननीय अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठीए विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी व पूर्व एमएलसी व प्रदेशीय उपाध्यक्ष डॉ प्रमोद कुमार मिश्र के प्रति आभार व शुभकामना व्यक्त किया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक दिवसीय कृषि मेले का आयोजन 17 को

**गाजीपुर।** हर वर्ष की भाति इस वर्ष जनपद में कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम वर्ष 2024.2025 के अन्तर्गत रबी 2025 में कृषको को नवीनतम् तकनीकी जानकारी देने के लिए प्रचार प्रसार के विभिन्न माध्यमों से कृषको को जागरूक किया जाना है। उक्त एक दिवसीय मेला स्थान कृषि विज्ञान केन्द्र पी0जी0 कालेज के एक दिवसीय एग्रोक्लाईमेटिक कृषि मेले का आयोजन 17 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष महोदया की अध्यक्षता में किया जाना प्रस्तावित है। इस मेले में जनपद के किसानए कृषिए उद्यानए पशुपालनए रेशमए सहकारिताए सिंचाई, बैकर्स, एनण्जीओ, विद्युत, आदि विभागों के अधिकारी एवं दोनो कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक प्रतिभाग करेगें। उक्त मेले के सफल आयोजन हेतु मेले में क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुखए सदस्य एवं ग्राम प्रधान को आमंत्रित रहेगे।

## भारत ने बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त को किया तलब

**नई दिल्ली।** भारत ने दोनों देशों के बीच बढ़ते सीमा तनाव के बीच सोमवार को बांग्लादेश के उप उच्चायुक्त नूरल इस्लाम को तलब किया। यह घटनाक्रम बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय द्वारा इस मुद्दे पर ढाका स्थित भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किये जाने के एक दिन बाद हुआ है। भारत और बांग्लादेश के बीच सीमा पर तनाव उस समय बढ़ गया जब ढाका ने आरोप लगाया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए भारत-बांग्लादेश सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने का प्रयास कर रहा है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'बांग्लादेश के विदेश सचिव राजदूत मोहम्मद जशीम उद्दीन ने रविवार को विदेश मंत्रालय स्थित अपने कार्यालय में भारत के उच्चायुक्त प्रणय वर्मा के समक्ष बांग्लादेश की हालिया गतिविधियों पर बांग्लादेश सरकार की गहरी चिंता व्यक्त की।' बांग्लादेश-भारत सीमा पर भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की तैनाती की गई है।बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी के अनुसार, संघर्ष पांच क्षेत्रों में सामने आए हैं, जिनमें (उत्तर-पश्चिमी) चपैनवाबगंज, नौगांव, लालमोनिरहाट और तीन बीघा कॉरिडोर शामिल हैं।

## मस्जिद समिति की याचिका पर कल सुनवाई करेगा न्यायालय

### मथुरा शाही ईदगाह विवाद

**नई दिल्ली।**(भाषा) उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह विवाद से जुड़ी एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय 15 जनवरी को सुनवाई करेगा। मस्जिद प्रबंधन समिति ने उसकी याचिका खारिज किए जाने के खिलाफ न्यायालय में अपील की है। पिछले साल एक अगस्त को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट की प्रबंधन समिति की याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें मथुरा में मंदिर–मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मामलों की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय ने कहा था कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने पिछले साल नौ दिसंबर को इस मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की थी और यह मामला 15 जनवरी को पीठ के समक्ष आएगा। हिंदू पक्षकारों में से एक ने तर्क दिया कि मस्जिद समिति विवाद पर एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का रुख कर सकती थी। इस हिंदू पक्षकार का प्रतिनिधित्व अधिवक्ता बरुण सिन्हा ने किया। उन्होंने कहा कि मस्जिद समिति की याचिका वर्तमान स्थिति में शीर्ष अदालत में विचार योग्य नहीं है। वकील ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नियमों के हवाले से तर्क दिया, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नियमों के अध्याय 8 के मद्देनजर, उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष एक विशेष अपील स्वीकार्य होगी।

## उमकैद की सजा काट रहे माफिया की जल्द रिहाई पर विचार हो

### उच्चतम न्यायालय ने उप्र सरकार से कहा




नई दिल्ली। (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार को 1993 के हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे माफिया ओमप्रकाश श्रीवास्तव उर्फ बबलू श्रीवास्तव की समय पूर्व रिहाई पर दो महीने के भीतर विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति नोंगमेइकापम कोटिश्वर सिंह की पीठ ने राज्य सरकार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 473 की उप–धारा (1) के तहत छूट देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर विचार करने का निर्देश दिया। श्रीवास्तव ने संयुक्त प्रांत कैदी रिहाई परिवीक्षा अधिनियम, 1938 की धारा 2 के तहत राहत मांगी लेकिन याचिका खारिज कर दी गई। शीर्ष अदालत ने कहा कि 1938 अधिनियम की धारा 2 सीआरपीसी की धारा 432 या बीएनएसएस की धारा 473 से अधिक कठोर है। इसने कहा कि जब तक राज्य सरकार यह निष्कर्ष दर्ज नहीं कर लेती कि वह किसी दोषी के पूर्ववृत्त या जेल में उसके आचरण से संतुष्ट है और रिहाई के बाद उसके अपराध से दूर रहने तथा शांतिपूर्ण जीवन जीने की संभावना है, तब तक दोषी को रिहा नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा, जहां तक 1938 अधिनियम की धारा 2 के तहत राहत से इनकार करने का सवाल है, हम राज्य सरकार द्वारा पारित आदेश में गलती नहीं पा सकते। बीएनएसएस की धारा 473 का दायरा 1938 अधिनियम की धारा 2 से पूरी तरह से अलग है। शीर्ष अदालत ने 8 जनवरी को एक आदेश में राज्य सरकार को बीएनएसएस की धारा 473 की उप–धारा (1) के तहत छूट देने के लिए याचिकाकर्ता के मामले पर जल्द से जल्द विचार करने का निर्देश दिया। आदेश में कहा गया, चूंकि याचिकाकर्ता 28 साल से अधिक की वास्तविक सजा काट चुका है, इसलिए याचिकाकर्ता के मामले पर विचार किया जाए और अधिकतम दो महीने की अवधि के भीतर उचित आदेश पारित किया जाए। बरेली केंद्रीय कारागार में बंद श्रीवास्तव ने समय–पूर्व रिहाई के निर्देश के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया।वह कभी कथित तौर पर माफिया सरगना दाऊद इब्राहिम का सहयोगी था और बाद में उसका दुश्मन बन गया। जांच एजेंसियों ने हत्या और अपहरण सहित 42 मामलों में वांछित श्रीवास्तव को सिंगापुर में गिरफ्तार किया था और 1995 में उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

## संभल में भगवान राम की 51 फुट ऊंची प्रतिमा निर्माणाधीन, योगी कर सकते हैं अनावरण

**संभल।** (भाषा) उत्तर प्रदेश के संभल जिले के चंदौसी शहर में भगवान राम की 51 फुट उंची प्रतिमा का निर्माण कार्य लगभग पूरा होने वाला है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ फरवरी में इस प्रतिमा का अनावरण कर सकते हैं। राम बाग धाम के रामलीला मैदान में बनाई जा रही इस प्रतिमा में भगवान राम एक हाथ में धनुष पकड़े हुए और दूसरे हाथ से आशीर्वाद देते हुए दिखाई देंगे। राम बाग धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष अशोक कुमार फैंसी ने कहा कि भगवान राम की 51 फुट उंची प्रतिमा का निर्माण 31 मई, 2023 से प्रतिदिन चल रहा है। उन्होंने कहा, प्रतिमा अब लगभग पूरी हो चुकी है, केवल पेंटिंग का काम बाकी है। फरवरी 2025 तक इसके पूरी तरह तैयार होने की उम्मीद है। राम बाग धाम ट्रस्ट के सचिव अमित कुमार के एस ने मूर्ति की अनूठी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम की यह भव्य और दिव्य मूर्ति देश में अपनी तरह की सबसे उंची मूर्ति होगी। उन्होंने कहा, यह मूर्ति अनूठी है क्योंकि भगवान राम की निगाह नीचे की ओर है, जो विनम्रता का प्रतीक है। वे एक हाथ में धनुष पकड़े हुए हैं और दूसरे हाथ से आशीर्वाद दे रहे हैं। मूर्ति के चारों ओर एक अशोक वाटिका है, साथ ही हनुमान और गरुड़ की मूर्तियाँ भी हैं। हमने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मूर्ति का उद्घाटन करने का अनुरोध किया है और हमें उम्मीद है कि यह कार्यक्रम जल्द ही होगा। राम बाग धाम में रामलीला परिषद के उपाध्यक्ष अमित कुमार अप्पू ने कहा, जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण शुरू हुआ, तो हमने चंदौसी के राम बाग धाम में भगवान राम की सबसे उंची मूर्ति स्थापित करने के बारे में सोचा।

## बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान महाकुंभ मेले में तीन दिन बिताएंगे



**पटना।** (भाषा) बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को कहा कि वह हर 12 साल में आयोजित होने वाले महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाएंगे और इस भव्य धार्मिक समागम में तीन दिन बिताएंगे। खान ने उपमुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा की ओर से आयोजित एक समारोह के इतर पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत के दौरान यह जानकारी दी। देश–दुनिया के लोगों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए खान ने बताया कि वह मंगलवार को राजभवन में दही चूड़ा भोज का आयोजन करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उनकी महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए प्रयागराज जाने की कोई योजना है, राज्यपाल ने कहा, हां, मैं वहां जाऊंगा। मुझे तीन धार्मिक नेताओं ने आमंत्रित किया है, जिनका मैं बहुत आदर करता हूं। मैं इस भव्य धार्मिक समागम में तीन दिन बिताऊंगा। जब पत्रकारों ने खान से बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्रारंभिक परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बारे में सवाल पूछना चाहा, तो उन्होंने कहा, यह उचित मौका नहीं है। अन्य मामलों पर किसी और दिन चर्चा करेंगे।

### मुख्यमंत्री यादव ने शाजापुर जिले के 11 गांवों के नाम बदलने की घोषणा की

भोपाल। (भाषा) मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को शाजापुर जिले के 11 गांवों के नाम बदलने की घोषणा की। यादव ने कालापीपल तहसील में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। यादव ने कहा, निपनिया हिसामुद्दीन को निपनिया देव, ढाबला हुसैनपुर को ढाबला राम, मोहम्मदपुर पवड़िया को रामपुर पवड़िया, खजूरी अल्लाहादाद को खजूरी राम, हाजीपुर को हीरापुर, मोहम्मदपुर मछनाई को मोहनपुर, रिछरी मुरादाबाद को रिछरी, खलीलपुर (ग्राम पंचायत सिलौंदा) को रामपुर, अनछोड़ को उंचावद, घट्टी मुख्तियारपुर को घट्टी और शेखपुर बोंगी को अवधपुरी कहा जाएगा। यादव ने कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार की लाडली बहना योजना के तहत 1.27 करोड़ महिला लाभार्थियों के खातों में ।,553 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 55 लाख लाभार्थियों के खातों में 335 करोड़ रुपए भी हस्तांतरित किए। इसके अलावा एलपीजी सिलेंडर रिफिल योजना के तहत 26 लाख महिला लाभार्थियों को पैसे हस्तांतरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 10.11 करोड़ रुपए की लागत वाले विकास कार्यों का उद्घघाटन और शिलान्यास किया।

## पेज 1 का शेष

### दो लाख करोड़...

ई–टिकटिंग से 1,000 करोड़ का व्यापार। विज्ञापन और प्रचार गतिविधियों से 10,000 करोड़ का व्यापार होने का अनुमान है। महाकुंभ जैसे आयोजन स्थानीय व्यापार, रोजगार और पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश के आर्थिक विकास में योगदान देगा। महाकुंभ 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा।

### कैग...

लगाया गया, वह बहुत ही अधिक है। देखिए जिस तरह से आप अपने कदम पीछे खींच रहे हैं, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता और भाजपा विधायक मोहन सिंह बिष्ट, ओम प्रकाश शर्मा, अजय कुमार महावर, अभय वर्मा, अनिल कुमार बाजपेई और जितेंद्र महाजन ने पिछले साल याचिका दायर करके विधानभाध्यक्ष को कैग रिपोर्ट पेश करने के लिए विधानसभा का सत्र बुलाने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। सरकार के वरिष्ठ वकील ने याचिका की राजनीतिक प्रकृति पर आपत्ति जताई और आरोप लगाया कि उपराज्यपाल कार्यालय ने रिपोर्ट सार्वजनिक की है और इसे समाचार पत्रों के साथ साझा किया है। अदालत ने सवाल किया, इससे क्या फर्क पड़ता है। कैग ने अपनी रिपोर्ट में आप के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की कुछ नीतियों की आलोचना की है, जिसमें आबकारी नीति (अब रद्द) भी शामिल है। इस रिपोर्ट के अनुसार आबकारी नीति से सरकारी खजाने को कथित तौर पर नुकसान हुआ। सरकार के वरिष्ठ वकील ने याचिकाकर्ताओं पर अदालत का राजनीतिक लाभ के लिए औजार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया और अदालत से अपील की कि वह इस बात पर संज्ञान ले कि जब मामला न्यायालय में विचाराधीन था, तब उन्होंने प्रेसवार्ता की थी। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा कि अदालत इस आरोप पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकती, क्योंकि उसका राजनीति से कोई सरोकार नहीं है। विधानसभा सचिवालय ने कहा था कि कैग रिपोर्ट को विधानसभा में पेश करने से कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि इसका कार्यकाल फरवरी में खत्म हो रहा है। विधानसभा सचिवालय ने कहा कि विधानसभा के आंतरिक कामकाज के मामले में अध्यक्ष को कोई न्यायिक आदेश नहीं दिया जा सकता। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता ने सोमवार की सुनवाई के दौरान कहा कि अदालत को विधानसभा अध्यक्ष को रिपोर्ट पेश करने के लिए बैठक बुलाने का निर्देश देने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि चर्चा के लिए रिपोर्ट पेश न करना महज कार्यवाही संबंधी मामला नहीं है, बल्कि यह बड़ी अवैधता और संवैधानिक जनादेश का उल्लंघन है – एक ऐसा मुद्दा जिससे अदालतें निपट सकती हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली सरकार द्वारा कैग रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं करने को लेकर सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा और उनसे सवाल किया कि क्या वह खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार सरकार को नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पेश करनी होती है, जो उसके राजस्व और व्यय की जांच करती है, लेकिन आप सरकार ने ऐसा नहीं किया है। उन्होंने कहा, क्या वह (केजरीवाल) खुद को संविधान से ऊपर समझते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी का अराजकतावादी चरित्र संवैधानिक व्यवस्था में फैल रहा है।

### सेंसेक्स...

इसका कारण अमेरिका में रोजगार के मजबूत आंकड़े हैं, जिससे 2025 में प्रमुख ब्याज दर में कम कटौती की आशंका है। इससे डॉलर मजबूत हुआ, बॉन्ड प्रतिफल बढ़ा और उभरते बाजार कम आकर्षक हुए। उन्होंने कहा, इसके अलावा, उच्च मूल्यांकन के बीच हाल में जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि में कमी और कंपनियों की कमाई हल्की होने से बाजार धारणा प्रभावित हुई। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से जोमैटो, करीब सात प्रतिशत लुढ़क गया। इसके अलावा पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, एक्सिस बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे।

### रुपया...

के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान एक बार 86.11 पर पहुंचा। लेकिन अधिकांश समय यह नकारात्मक दायरे में ही रहा। कारोबार के अंत में रुपया 58 पैसे की भारी गिरावट के साथ 86.62 (अस्थाई) के अपने अबतक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। यह एक कारोबारी सत्र में डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में आई दो साल की सबसे बड़ी गिरावट है। इसके पहले छह फरवरी, 2023 को रुपए में 68 पैसे की बड़ी गिरावट आई थी।

### एचएमपीवी ...

कोरोना जैसे वायरस एचएमपीवी का यूपी में पहला केस मिला है। लखनऊ में 60 साल की महिला पॉजिटिव पाई गई है। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. सुशील चौधरी ने दैनिक भास्कर से इसकी पुष्टि की। महिला को बुखार था और सांस फूल रही थी।

### वादा निभाएंगे...

और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी तथा भूस्खलन और हिमस्खलन की आशंका वाले मार्गों को भी बचाएगी। इससे सोनमर्ग तक वर्ष भर सम्पर्क सुनिश्चित करके पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। जम्मू–कश्मीर से अरुणाचल प्रदेश तक व्यापक बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू–कश्मीर सुरंगों, ऊंचे पुलों और रोपवे का केंद्र बन रहा है, जहां दुनिया की कुछ सबसे ऊंची सुरंगें और सबसे ऊंचे रेल–सड़क पुल बनाए जा रहे हैं। . प्रधानमंत्री ने चिनाब पुल के इंजीनियरिंग चमत्कार का उल्लेख किया, जहां हाल ही में यात्री ट्रेन का परीक्षण पूरा हुआ है। उन्होंने कई प्रमुख परियोजनाओं का उल्लेख किया, जिनमें कश्मीर की रेलवे कनेक्टिविटी को बढ़ाने वाला केबल ब्रिज, जोजिला, चेनानी नाशरी और सोनमर्ग सुरंग परियोजनाएं तथा उधमपुर–श्रीनगर–बारामुल्ला रेल संपर्क परियोजना शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने शंकराचार्य मंदिर, शिवखोड़ी, बालटाल–अमरनाथ रोपवे तथा कटरा–दिल्ली एक्सप्रेसवे योजनाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जम्मू–कश्मीर में 42,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की सड़क संपर्क परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं और दो रिंग रोड शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनमर्ग जैसी 14 से अधिक सुरंगों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे जम्मू और कश्मीर देश के सबसे अधिक संपर्क वाले क्षेत्रों में से एक बन जाएगा।

### जुकरबर्ग....

वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत ने 2024 के आम चुनाव का संचालन किया, जिसमें 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा, भारत के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) में अपने विश्वास को फिर से दोहराया। सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा, जुकरबर्ग का यह दावा कि 2024 के चुनावों में भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारों को कोविड महामारी के बाद हार का सामना करना पड़ा, तथ्यात्मक रूप से गलत है। जुकरबर्ग ने कथित तौर पर एक पॉडकास्ट में दावा किया था कि 2024 में दुनिया भर के चुनावों में, भारत सहित अधिकांश मौजूदा सरकारों को चुनावी हार का सामना करना पड़ा था। वैष्णव ने कहा, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त भोजन, 2.2 अरब टीके और कोविड–19 के दौरान दुनियाभर के देशों को सहायता देने से लेकर भारत को सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में नेतृत्व करने तक, तीसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक जीत सुशासन और जनता के विश्वास का प्रमाण है।

# यूजीसी के नियुक्ति नियमों के बारे में झूठ फैला रही है कांग्रेसः प्रधान

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय शिक्षा मंत्री** धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को कांग्रेस पर हमला करते हुए उस पर यूजीसी द्वारा जारी भर्ती मानदंडों के मसौदे के बारे में झूठ फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्यपालों द्वारा विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति की प्रथा आजादी के पहले से ही चली आ रही है।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने पिछले सप्ताह मसौदा नियम जारी किए, जिसमें सहायक प्रोफेसर और कुलपतियों की भर्ती में बड़े बदलाव का प्रस्ताव है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया था कि यूजीसी मसौदा विनियम, 2025, राज्य के राज्यपालों को कुलपति नियुक्तियों पर व्यापक नियंत्रण देता है और गैर-शैक्षणिक लोगों को इन पदों पर रहने की अनुमति देता है। उन्होंने इसे संघवाद और राज्य के अधिकारों पर सीधा हमला करार दिया। मसौदा नियमों के अनुसार, उद्योग विशेषज्ञों के साथ-साथ लोक प्रशासन, सार्वजनिक नीति और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वरिष्ठ पेशेवर जल्द ही कुलपति के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र हो सकते हैं। मसौदा मानदंडों में कुलपतियों की नियुक्ति के लिए कुलाधिपति या विजिटर्स को तीन सदस्यीय खोज-सह-चयन समिति गठित करने का अधिकार भी दिया गया है।प्रधान ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यूजीसी विनियम 2010 हो, 2018 हो या वर्तमान 2025 के यूजीसी विनियम हों सभी में ए स्पष्ट है कि कुलाधिपतिाविजिटर ही कुलपति नियुक्त करते हैं। जहां तक राज्यपालों द्वारा कुलपति की नियुक्ति की जिम्मेदारियों के निर्वहन का सवाल है, तो ए एक ऐसी प्रथा है जो देश की स्वतंत्रता से भी पहले से चली आ रही है। उन्होंने कहा, यूजीसी विनियम 2025 की चयन समिति संरचना वास्तव में यूजीसी विनियम 2010 का ही प्रारूप है। इसमें शिक्षकों व अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति और उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए चयन समिति का गठन हुआ है। कांग्रेस पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए मंत्री ने कहा, देश का युवा शिक्षित हो, देश का विकास हो यह कांग्रेस को कभी मंजूर नहीं हो सकता। इसीलिए, शिक्षा जैसे मुद्दे पर भी भ्रम फैलाकर युवाओं को बरगलाकर देश में अशांति फैलाने की चाह रखना ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित पूरी कांग्रेस पार्टी की नीति बन चुकी है। प्रधान ने कहा, जहां तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति की बात है तो, कांग्रेस पार्टी को देश के युवाओं सहित सभी वर्गों द्वारा दिल से स्वीकार की गई राष्ट्रीय शिक्षा नीति से इसलिए समस्या है क्योंकि इसमें भारतीयता के अंश हैं। यह वही पार्टी है जिसने दशकों तक सत्ता में रहते हुए भारतीय शिक्षा प्रणाली को कमजोर किया और हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक धरोहर को पाठ्यपुस्तकों से मिटाने का काम किया। उन्होंने कहा, इसलिए, तथ्यों को समझे बिना कांग्रेस पार्टी का सिर्फ आलोचना के लिए आलोचना करने की अपनी नीति बदलनी चाहिए और एक परिवार की चिंता छोड़कर देश के युवाओं की चिंता करनी चाहिए।

## सरकार ने सीएसआर नीति की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सामाजिक संगठनों, व्यक्तियों और कॉरपोरेट समूह के साथ साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए एक नई सीएसआर (कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) नीति का अनावरण किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पहुंची नाम की नीति तीन प्रमुख मिशन के तहत कार्यों मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0, मिशन शक्ति और मिशन वात्सल्य का सहयोग करने के लिए डिज़ाइन की गई है। मंत्रालय ने शिक्षा मंत्रालय के विद्यांजलि पोर्टल की तर्ज पर पंहुंची के लिए एक समर्पित पोर्टल शुरू करने की योजना बनाई है। यह पोर्टल संभावित योगदानकर्ताओं के पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगा और सीएसआर कॉरपोरेट सामाजिकउत्तरदायित्व (सीएसआर) परियोजनाओं के लिए पहचान और अनुमोदन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करेगा। अधिकारी ने कहा किइसका उद्देश्य सहयोग को बढ़ावा देने में पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करना है।

# अंतरिक्ष में एमिटी के पालक के कॉलस ऊतक में दिखे वृद्धि के संकेत

भाषा। नई दिल्ली

**एमिटी यूनिवर्सिटी**-मुंबई द्वारा अंतरिक्ष में भेजे गए पालक के कॉलस ऊतक में वृद्धि के संकेत दिखे हैं। वैज्ञानिक प्रयोग के लिए पालक का ऊतक 350 किलोमीटर की ऊंचाई पर पृथ्वी की परिक्रमा कर रहे पीओईएम-4 मॉड्यूल में मौजूद है। सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण के तहत अंतरिक्ष में पौधे उगाना अंतरिक्ष जैविक अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और लंबी अवधि के मानवयुक्त अभियानों के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों के लिए एक उपयोगी गतिविधि है। एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई के कुलपति ए. डब्ल्यू संतोष कुमार ने कहा, पीओईएम-4 प्लेटफॉर्म से प्राप्त शुरुआती आंकड़ों में पालक कॉलस में वृद्धि के संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा कि इसरो से प्राप्त डेटा आशाजनक है और उपकरण अच्छी हालत में है। कुमार ने कहा कि पारंपरिक बीजों के बजाय कॉलस ऊतक को उगाने का निर्णय इसलिए लिया गया, क्योंकि इससे शोधकर्ताओं को रंग संबंधी निगरानी के माध्यम से घटनाक्रम पर अधिक आसानी से नजर रखने में मदद मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में रखे एक समान मॉड्यूल में कॉलस में समान वृद्धि देखी गई है। कुमार ने कहा, इस प्रयोग का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष अभियानों के दौरान भोजन और पोषण की संभावनाओं पर विशेष रूप से कॉलस के माध्यम से पौधों की वृद्धि का पता लगाना है।

## बेंगलुरु में तीन गायों के थन काटने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में कॉटनपेट पुलिस ने सोमवार को तीन गायों के थन काटने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी की पहचान बिहार के शेख नसरू (30) के रूप में की है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नसरू ने रविवार तड़के चामराजपेट के विनायकनगर में गायों के थन काट दिए थे। इस संबंध में पशु क्रूरता अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, जांच के दौरान पता चला कि बिहार के चंपारण जिले के शेख नसरू नामक व्यक्ति ने शराब के नशे में इस घटना को अंजाम दिया। वह घटनास्थल से 50 मीटर दूर प्लास्टिक और कपड़े के बैग की सिलाई की दुकान में सहायक के रूप में काम करता है। इसमें किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता नहीं पाई गई। नसरू को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में 16.90 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अबतक 15.88 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.90 लाख करोड़ रुपए रहा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के आंकड़ों के अनुसार, गैर-कंपनी कर संग्रह 8.74 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा। इसमें मुख्य रूप से व्यक्तिगत आयकर कर शामिल है। चालू वित्त वर्ष में अबतक (12 जनवरी, 2025 तक) शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह लगभग 7.68 लाख करोड़ रुपए रहा है। वहीं शुद्ध रूप से प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) संग्रह 44,538 करोड़ रुपए रहा है। इस अवधि के दौरान 3.74 लाख करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए गए। यह एक साल पहले इसी अवधि की तुलना में 42.49 प्रतिशत अधिक है। एक अप्रैल से 12 जनवरी के बीच सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 20.64 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा है। सरकार ने चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष करों से 22.07 लाख करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रखा है।

## जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तारी का आधार बताने के साथ पावती भी लेनी होगीः सीबीआईसी

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीडीटी) ने सोमवार को कहा कि जीएसटी अधिकारियों को अब अपराधियों को गिरफ्तारी के आधार के बारे में बताने के साथ उनसे लिखित पावती भी लेनी होगी। सीबीआईसी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिनियम के तहत दंडनीय अपराधों के संबंध में गिरफ्तारी और जमानत से संबंधित दिशानिर्देशों मे ए संशोधन किए है। सीबीआईसी ने कहा, गिरफ्तार किए जा रहे व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में समझाया जाना चाहिए और गिरफ्तारी ज्ञापन के संलग्नक के तौर पर उसे लिखित रूप में भी दिया जाना चाहिए। गिरफ्तारी ज्ञापन को लागू करते समय गिरफ्तार व्यक्ति से इसकी पावती ली जानी चाहिए। अगस्त, 2022 में जारी हुए पिछले दिशानिर्देश के मुताबिक, जीएसटी अधिकारियों को गिरफ्तार होने वाले व्यक्ति को गिरफ्तारी के आधार के बारे में बताना होता था और गिरफ्तारी ज्ञापन मे इसे दर्ज करना होता था। नए निर्देश क्षितिज घिल्डियाल बनाम जीएसटी आसूचना महानिदेशालय दिल्ली के मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन मे जारी किए गए है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के निर्णयों के आधार पर गिरफ्तारी के कारणो और गिरफ्तारी के आधार के बीच अंतर किया था।

## नौशीन अली सरदार ने बताया अपने अनुभव

**मुंबई।** ज़ी टीवी का शो वसुधाअपनी अलग कहानी और एक खास किरदार गुल्की की वजह से लोगों के बीच चर्चा में है। गुल्की एक प्यारा सा कुत्ता है, जो अपनी सोच और मजेदार बातों के वॉइसओवर से दर्शकों का दिल जीत रहा है। सेट पर उसकी मौजूदगी ने सभी कलाकारों के लिए माहौल और भी खास बना दिया है। नौशीन अली सरदार जो शो में चंद्रिका का किरदार निभा रही हैं, गुल्की के साथ स्क्रीन पर नजर आती हैं। गुल्की की मासूमियत और चुलबुला अंदाज़ कहानी में एक अलग ही मजा लाता है। नौशीन अली सरदार ने कहा कि गुल्की जिसका असली नाम रूबी हैए के साथ काम करना बहुत प्यारा एहसास है। वह बहुत दोस्ताना और मस्ती भरी डॉग है। सेट पर जब भी वह आती हैए सबका मूड अच्छा हो जाता है। मैं उसके साथ खेलती हूंए उसे ट्रीट्स देती हूं और उसके दौड़ने.भागने का मज़ा लेती हूं। गुल्की सिर्फ एक पेट नहीं है बल्कि हमारी टीम का हिस्सा है। उसकी एनर्जी और चुलबुला अंदाज़ शूट को मजेदार बना देता है। मैं हमेशा से कुत्तों को पसंद करती हूंए और गुल्की ने इस प्यार को और बढ़ा दिया है। मुझे यकीन है कि दर्शक भी उसे देखकर खुश होंगे।

# आरटीआई का उद्देश्य जिज्ञासा संतुष्ट करना नहीं हैः पीएम डिग्री विवाद में डीयू ने अदालत से कहा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिग्री के बारे में जानकारी का खुलासा करने संबंधी केंद्रीय सूचना आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने दिल्ली उच्च न्यायालय से सोमवार को कहा कि आरटीआई का उद्देश्य किसी तीसरे पक्ष की जिज्ञासा को संतुष्ट करना नहीं है।न्यायमूर्ति सचिन दत्ता के समक्ष सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि छात्रों की जानकारी किसी विश्वविद्यालय द्वारा जिम्मेदारी के साथ रखी जाती है और कानून द्वारा इसे छूट दिए जाने के कारण इसे किसी अजनबी को नहीं बताया जा सकता। उन्होंने कहा, धारा 6 यह आदेश देती है कि जानकारी देनी होगी, यही उद्देश्य है। लेकिन आरटीआई अधिनियम किसी की जिज्ञासा को संतुष्ट करने के उद्देश्य से नहीं है। मेहता ने दलील दी कि सार्वजनिक प्राधिकारों के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही से असंबद्ध जानकारी के प्रकटीकरण का निर्देश देकर सूचना का अधिकार (आरटीआई) कानून का दुरुपयोग नहीं किया जा सकता। कार्यकर्ता नीरज की आरटीआई याचिका पर केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने 21 दिसंबर, 2016 को उन सभी छात्रों के रिकॉर्ड के निरीक्षण की अनुमति दी थी, जिन्होंने 1978 में बीए परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उसी वर्ष प्रधानमंत्री मोदी ने भी यह परीक्षा पास की थी। याचिका में 1978 में परीक्षा देने वाले छात्रों का विवरण मांगा गया था।हालांकि 23 जनवरी, 2017 को उच्च न्यायालय ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश पर रोक लगा दी थी। मैं जा सकता हूं और अपने विश्वविद्यालय से कह सकता हूं कि अगर नियम अनुमति देते हैं तो मुझे मेरी डिग्री या मेरी मार्कशीट या मेरे कागजात दे दें.. लेकिन (धारा के तहत प्रकटीकरण से छूट) 8 (1) (ई) तीसरे पक्ष पर लागू होती है।

# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी के आवास पर संक्रांति समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री मोदी



भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी सोमवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के अपने सहयोगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी के आवास पर संक्रांति समारोह में शामिल हुए।तेलुगु फिल्म स्टार चिरंजीवी, बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधु और कई केंद्रीय मंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद थे।मोदी ने त्योहार से जुड़े अनुष्ठानों में भाग लिया। मकर संक्रांति एक ऐसा त्योहार है जो अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नाम और तरीकों से मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे मकर संक्रांति कहा जाता है। इसे तमिलनाडु में पोंगल के नाम से जाना जाता है। असम में इसे माघ बिहू और गुजरात में इसे उत्तरायण कहते हैं। यह त्योहार फसल की कटाई से जुड़ा है।प्रधानमंत्री मोदी विभिन्न त्योहारों के जश्न में शामिल होने के लिए अक्सर उस क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले (जहां का त्योहार होता है) मंत्रिमंडल के अपने सहयोगियों से मिलने जाते हैं।

## रूस से भारत को कच्चे तेल की आपूर्ति रहेगी बेअसर

नई दिल्ली। भारत को अगले दो महीनों तक रूसी कच्चे तेल की आपूर्ति में किसी व्यवधान की आशंका नहीं है लेकिन इसकी तेल रिफाइनरी अमेरिका के नए प्रतिबंधों की जद में आए तेल टैंकरों से आपूर्ति लेने से परहेज कर सकती हैं। सोमवार को एक वरिष्ठ सरकारी सूत्र ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने शुक्रवार को रूस के तेल निर्यात के खिलाफ प्रतिबंधों की घोषणा की थी। इन पाबंदियों ने रूसी तेल उत्पादकों गैजप्रॉम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टगास के साथ रूसी तेल ले जाने वाले 183 जहाजों को अपनी जद में लिया है। रूस ने 2022 में लगी पाबंदियों के बाद इन तेल टैंकरों का इस्तेमाल भारत और चीन जैसे देशों को तेल भेजने के लिए किया था। जी-सात देशों ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद उस पर ए पाबंदियां लगाई थीं। इससे बचने के लिए रूस ने अपनी कंपनियों द्वारा बीमाकृत कथित छद्म टैंकर बेड़े का इस्तेमाल किया था। अब इस बेड़े पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। आधिकारिक सूत्र ने कहा कि 12 मार्च तक इस पाबंदी की एक विश्राम अवधि है। इस दौरान मौजूदा अनुबंधों को पूरा करने की अनुमति होगी। सूत्र ने कहा, पहले दो महीनों तक आपूर्ति में कोई व्यवधान नहीं होगा। दो महीनों के भीतर हम शायद भारत में तेल आने के मामले में नई व्यवस्थाएं सामने आते हुए देखेंगे। सूत्र ने कहा कि प्रतिबंधित रूसी टैंकरों को भारतीय बंदरगाहों पर रुकने की मंजूरी नहीं दी जाएगी। इसका एकमात्र अपवाद 10 जनवरी से पहले बुक किए गए रूसी तेल जहाजों के लिए होगा, बशर्ते खेप 12 मार्च तक उतार दी जाए। उन्होंने कहा, बाजार इन प्रतिबंधों पर रूस की प्रतिक्रिया का इंतजार कर रहा है। वैसे रूस हम तक पहुंचने के तरीके खोज लेगा।

## सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात सैनिकों को अब मिलेगी हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा

श्रीनगर। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर तैनात सैन्यकर्मी अब हाई-स्पीड इंटरनेट सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। एक दूरसंचार कंपनी ने यह जानकारी दी। रिलायंस जियो ने बताया कि 15 जनवरी को सेना दिवस से पहले, कंपनी ने भारतीय सेना के साथ मिलकर सियाचिन ग्लेशियर तक अपने 4 जी और 5 जी नेटवर्क का विस्तार करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। रिलायंस जियो की प्रवक्ता ने कहा, सेना के सिग्नल कर्मियों के सहयोग से, रिलायंस जियो इस दुर्गम क्षेत्र में निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने वाली पहली दूरसंचार सेवा कंपनी बन गई है। उन्होंने बताया कि रिलायंस जियो ने अपनी स्वदेशी फुल-स्टैक 5जी तकनीक का इस्तेमाल करते हुए एक अग्रिम चौकी पर प्लग-एंड-प्ले प्री-कॉन्फ़िगर उपकरण को सफलतापूर्वक तैनात किया। दूरसंचार कंपनी की प्रवक्ता ने कहा, यह उपलब्धि सेना के सिग्नल कर्मियों के साथ समन्वय से संभव हुई, जिसमें योजना से लेकर कई प्रशिक्षण सत्र, सिस्टम प्री-कॉन्फ़िगिरेशन और व्यापक परीक्षण शामिल हैं। सियाचिन ग्लेशियर में जियो के उपकरणों को विमान से पहुंचाने सहित साजो-सामान के प्रबंधन में भारतीय सेना महत्वपूर्ण भूमिका में थी। प्रवक्ता ने कहा, इस सहयोग से कराकोरम पर्वतमाला में 16,000 फुट की ऊंचाई पर कनेक्टिविटी सुनिश्चित हुई।

## त्रिपुरा में 2015 से अबतक एड्स के कारण 512 लोगों की जान गईः मानिक साहा

अगरतला। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने सोमवार को कहा कि राज्य में 2015-16 से 2023-24 तक एड्स संबंधी जटिलताओं के कारण कुल 512 लोगों की मौत हुई। माकपा के सांसदों-- निर्मल विश्वास और नयन सरकार के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि राज्य में 2021 तक 7,707 एचआईवी मरीज, 2022 तक 8,943 और 2023 तक 10,126 मरीज दर्ज किए गए हैं। साहा के पास स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का प्रभार भी है। उन्होंने कहा कि राज्य में 2021-22 में एड्स से संबंधित जटिलताओं के कारण सबसे अधिक 74 मौतें हुईं। उनके अनुसार 2023-24 में मृत्यु के सबसे कम 52 मामले थे। एचआईवी मरीजों के उपचार और एड्स मामलों के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिपुरा राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी (टीएसएसीएस) ने कुमारघाट, कैलाशहर, दमचेरा, अंबासा, जिरानिया और जम्पुई में ओपिओइड प्रतिस्थापन थेरेपी (ओएसटी) खोली है। उन्होंने कहा,ै24 अस्पतालों में एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केंद्र शुरू किए गए हैं। राज्य में एक मोबाइल एकीकृत परामर्श एवं परीक्षण केंद्र भी काम कर रहा हैै मुख्यमंत्री ने दोहराया कि राज्य सरकार ने मादक पदार्थों के खिलाफ बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाई है। उन्होंने कहा कि स्वापक औषधि और मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस अधिनियम) के तहत 2022 से अबतक।,665 मामलों में कुल 2,697 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

# लाडकी बहिन योजना की अपात्र लाभार्थी नाम वापस लें या उनपर जुर्माना लगाया जाएः भुजबल

**नासिक।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता छगन भुजबल ने सोमवार को मांग की कि लाडकी बहिन योजना का लाभ उठाने वाली अपात्र महिलाएं या तो स्वेच्छा से इस योजना से बाहर हो जाएं, या राज्य सरकार को उन पर जुर्माना लगाना चाहिए। आर्थिक रूप से वंचित वर्ग की पात्र महिलाओं को महाराष्ट्र सरकार की इस योजना के तहत 1,500 रुपए की मासिक नकद सहायता मिलती है। भुजबल ने आरोप लगाया कि फॉर्म भरे जाने के बाद कुछ लोगों को बिना जांच पड़ताल के ही योजना के लाभ मिल गए। उन्होंने नासिक जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र एवला में संवाददाताओं से कहा, मेरा मानना है कि जो महिलाएं योजना के नियमों का पालन नहीं करती हैं या पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करती हैं, उन्हें स्वयं ही अपना नाम वापस ले लेना चाहिए। यदि वे ऐसा करने में विफल रहती हैं, तो सरकार को उन पर जुर्माना लगाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा द्वारा राज्य मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किए जाने के कारण भुजबल नाराज हैं। महाराष्ट्र में लाडकी बहिन योजना के 2.43 करोड़ से अधिक लाभार्थी हैं, जिससे राज्य के खजाने पर हर महीने लगभग 3,700 करोड़ रुपए का बोझ पड़ता है। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने पिछले महीने महिलाओं के लिए मासिक नकद हस्तांतरण योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं के आवेदनों की फिर से जांच करने की महायुति सरकार की कथित योजना से संबंधित खबरों को खारिज कर दिया था।

# दुख है किसी ने भी राज्यसभा सदन में मिली नकदी पर दावा नहीं कियाः धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को इस बात पर अफसोस जताया कि पिछले महीने राज्यसभा सदन में मिली नोटों की गड्डी पर दावा करने के लिए कोई भी संसद सदस्य आगे नहीं आया। उन्होंने कहा कि यह हमारे नैतिक मानदंडों के लिए एक सामूहिक चुनौती है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान छह दिसंबर को राज्यसभा में कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को आवंटित सीट से 500 रुपए के नोटों की गड्डी बरामद होने से उच्च सदन में काफी हंगामा हुआ था। विपक्षी दलों और सत्तारूढ़ गठबंधन के सदस्यों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए थे



तथा मनु सिंघवी ने इस सुरक्षा चूक की जांच की मांग की थी। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा था कि सांसदों की अनुपस्थिति में सीटों पर कुछ भी रखने से रोकने के लिए कांच के घेरे बनाए जाने चाहिए। धनखड़ ने यहां एक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर कहा, मेरी पीड़ा की कल्पना कीजिए। लगभग एक महीने पहले ही, हमें राज्यसभा की एक सीट से 500 रुपए के नोटों की गड्डी मिली थी। मुझे वास्तव में इस बात से दुख हुआ कि कोई भी इसे लेने नहीं आया। उन्होंने इसे बहुत गंभीर मुद्दा बताया। उपराष्ट्रपति ने कहा, जरूरत के कारण आप नोट साथ रख सकते हैं, लेकिन फिर भी किसी ने इस पर दावा नहीं किया। यह हमारे नैतिक मानकों के लिए एक सामूहिक चुनौती है। धनखड़ ने कहा कि लंबे समय तक कोई आचार समिति नहीं थी। 1990 के दशक के आखिर में पहली बार राज्यसभा में आचार समिति बनी, जो काम कर रही है। उन्होंने अफसोस जताते हुए कहा, राज्यसभा के सभापति के रूप में मैं आप सबसे कह सकता हूं कि राज्यसभा के जो भी सदस्य हैं उनकी शानदार साख है।

# केरल में अनवर का विधायक पद से इस्तीका

## यूडीएफ को बिना शर्त समर्थन की घोषणा की

भाषा। तिरुवनंतपुरम



**केरल में** सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) से अलग होकर हाल में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए विधायक पी.वी. अनवर ने सोमवार को नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने यह ऐलान भी किया कि वह इस निर्वाचन क्षेत्र से उपचुनाव नहीं लड़ेंगे। अनवर ने विधानसभा अध्यक्ष ए.एन. शमसीर से उनके कक्ष में मुलाकात की और सुबह अपना त्यागपत्र सौंपा।अनवर ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नीत एलडीएफ समर्थित विधायक के रूप में नीलांबुर सीट जीती थी। उन्होंने हाल ही में घोषणा की थी कि वह ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पार्टी तृणमूल कांग्रेस के राज्य समन्वयक के रूप में काम करेंगे।विधायक के तौर पर अभी उनका डेढ़ वर्ष का कार्यकाल बचा है, उससे पहले ही उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया। कारोबारी से राजनेता बने अनवर ने स्पष्ट किया कि हालांकि, पहले उनका इस्तीफा देने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन उन्होंने ममता बनर्जी के सुझाव पर इस्तीफा देने का फैसला किया। बनर्जी के साथ उन्होंने वीडियो कॉल के जरिए विस्तृत चर्चा की थी। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष से उनका इस्तीफा स्वीकार करने का अनुरोध किया। ऐसी संभावना थी कि माकपा नीत एलडीएफ, अनवर को अयोग्य घोषित कराने के लिए कदम उठा सकता है। इसे ही उनके इस्तीफे का कारण बताया जा रहा है। अनवर के इस्तीफे की घोषणा के तुरंत बाद, पश्चिम बंगाल में तृणमूल नेतृत्व ने आधिकारिक तौर पर उन्हें केरल राज्य का संयोजक घोषित कर दिया। तृणमूल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के मार्गदर्शन में तृणमूल कांग्रेस को केरल के संयोजक की घोषणा करते हुए काफी खुशी हो रही है। हम उनके (अनवर के) प्रयासों के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। इस्तीफा सौंपने के बाद यहां अनवर ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने शनिवार को ही अपने आधिकारिक ई-मेल से विधानसभा अध्यक्ष शमसीर को इस्तीफा भेज दिया था। अनवर ने यह भी घोषणा की कि वह नीलांबुर सीट से उपचुनाव नहीं लड़ेंगे और निर्वाचन क्षेत्र में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को अपना समर्थन देंगे। अनवर ने कहा, मैं नीलांबुर (आगामी उपचुनाव में) से चुनाव नहीं लड़ूंगा...यूडीएफ को बिना शर्त समर्थन दूंगा। हम इस क्षेत्र में यूडीएफ उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे। उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और पिनराईवाद के खिलाफ है और वह कांग्रेस नेताओं से अनुरोध करेंगे कि वे निर्वाचन क्षेत्र में ईसाई समुदाय के एक उम्मीदवार को मैदान में उतारें ताकि उनमें विश्वास पैदा हो सके, क्योंकि जंगली जानवरों के हमलों के कारण उन्हें पहाड़ी इलाकों से जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से ईसाई समुदाय से ताल्लुक रखने वाले मलप्पुरम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वी.एस. जॉय को इस सीट से मैदान में उतारने का आग्रह किया और दावा किया वह 30,000 मतों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे।

# टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल नाग एमके-2 के नए संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया



भाषा। नई दिल्ली

**भारत ने** स्वदेशी रूप से विकसित तीसरी पीढ़ी की टैंक-रोधी गाइडेड मिसाइल नाग एमके-2 का सफल क्षमता परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह परीक्षण हाल ही में राजस्थान के पोखरण में वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में फायरिंग रेंज में किए गए। मंत्रालय ने कहा है, स्वदेशी तकनीक से विकसित तीसरी पीढ़ी की टैंक-रोधी फायर-एंड-फॉरगेट गाइडेड मिसाइल नाग एमके-2 का क्षमता परीक्षण हाल ही में भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में पोखरण फील्ड रेंज में सफलतापूर्वक किया गया। इसमें कहा गया है, तीनों परीक्षणों के दौरान मिसाइल प्रणालियों ने अधिकतम और न्यूनतम सीमा के सभी लक्ष्यों को सटीक रूप से नष्ट कर दिया, जिससे इसकी लक्ष्य भेदने की क्षमता की पुष्टि हुई। नाग मिसाइल वाहक संस्करण-2 का भी वास्तविक परिस्थिति में क्षमता परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, इसके साथ ही, पूरी हथियार प्रणाली अब भारतीय सेना में शामिल होने के लिए तैयार है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नाग एमके-2 की संपूर्ण हथियार प्रणाली के सफल क्षमता परीक्षणों के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), भारतीय सेना और उद्योग को बधाई दी। डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी. कामत ने सेना में शामिल करने के लिए मिसाइल को तैयार किए जाने के वास्ते सभी हितधारकों के प्रयासों की सराहना की।

## निवेशकों को धोखाधड़ी वाले सोशल मीडिया समूहों और अनधिकृत निवेश योजनाओं के बारे में सचेत किया

**मुंबई।** फिनटेक क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को एंजल वन के नाम का दुरुपयोग करने वाले और इसके वरिष्ठ अधिकारियों का रूप धारण कर धोखाधड़ी करने वाले सोशल मीडिया समूहों के बढ़ते प्रचलन के बारे में चेतावनी दी है। कंपनी ने पाया है कि सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एंजल वन से जुड़े होने का झूठा दावा करते हुए कई अनधिकृत समूह बनाए जा रहे हैं। व्हाट्सएप और टेलीग्राम समूह एंजल वन लिमिटेड के ब्रांड नाम और लोगो के साथ.साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम और छवियों का अवैध और भ्रामक तरीके से दुरुपयोग कर रहे हैंए जिससे आम जनता को यह विश्वास हो रहा है कि वे एंजल वन लिमिटेड से जुड़े हुए हैं। हम इस बात पर ज़ोर देना चाहते हैं कि प्रतिभूति बाज़ार में अनधिकृत निवेश सलाह देना या रिटर्न की गारंटी देना सख्त वर्जित है और निवेशकों से आग्रह करते हैं कि वे उचित परिश्रम करें और हमारे संगठन से होने का दावा करने वाले किसी भी संचार की प्रामाणिकता को सत्यापित करें। वैध निवेश निर्णय हमेशा पूरी तरह से शोध और अधिकृत स्त्रोतों से जानकारी के आधार पर होने चाहिए। एंजेल वन द्वारा कहा गया कि किसी भी नकली एप्लिकेशन, वेब लिंक या निजी व्हाट्सएप टेलीग्राम समूहों के साथ कोई सीधा या अप्रत्यक्ष संबंध नहीं है और धोखाधड़ी वाले एप्लिकेशन या वेब लिंक के साथ लेन.देन के परिणामस्वरूप होने वाले किसी भी वित्तीय नुकसान या परिणामों के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। एंजेल वन ने स्पष्ट किया कि यह ग्राहकों को अनौपचारिक सोशल मीडिया समूहों में नहीं जोड़ता है मैसेजिंग प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी का अनुरोध नहीं करता है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025



# अमेरिका: जंगल की आग पर काबू पाने की कवायद

**मृतक संख्या 24 हुई**

**भाषा।** लॉस एंजिलिस (अमेरिका)



**अमेरिका के** लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी आग में अब तक हजारों घर जलकर नष्ट हो चुके हैं और कम से कम 24 लोगों की मौत हो चुकी है। अग्निशमन कर्मियों ने सप्ताहांत में जब मौसम थोड़ा शांत था, तब आग को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा चलने के पूर्वानुमान के मद्देनजर वे अब सतर्क हो गए हैं। अगर ऐसा हुआ तो पहले से जल चुके घर और घाटियां फिर से आग की चपेट में आ सकती हैं, जिससे राख हवा के साथ मीलों दूर बिना जले इलाकों में फैल सकती है। नए क्षेत्रों में आग लगने से जटिलता और बढ़ सकती है। लॉस एंजिलिस काउंटी के मेडिकल परीक्षक की ओर से रविवार देर रात दी गई जानकारी के अनुसार मृतकों की संख्या में वृद्धि हुई है। कम से कम 16 लोग लापता हैं और अधिकारियों ने कहा कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है। हालांकि, रविवार को अपेक्षाकृत मौसम शांत रहने के कारण कुछ लोग पहले से खाली कराए गए क्षेत्रों में वापस लौट आए। हालांकि राष्ट्रीय मौसम सेवा ने बुधवार तक भीषण आग की स्थिति के लिए रेड श्रेणी की चेतावनी जारी की है। राष्ट्रीय मौसम सेवा ने क्षेत्र में करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अनुमान जताया है और पर्वतीय क्षेत्रों में हवा की गति करीब 113 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है। आग संबंधी स्थितियों के विश्लेषक रिच थॉम्पसन ने रविवार रात एक सामुदायिक बैठक में चेतावनी देते हुए कहा कि सबसे खतरनाक दिन मंगलवार होगा। हाल में हुए नुकसान, तनाव और अनिश्चितता के बावजूद, पासाडेना सिटी कॉलेज जिम में मौजूद भीड़ कुल मिलाकर शांत थी, जबकि लॉस एंजिलिस और कैलिफोर्निया के नेताओं की अन्य जगहों पर कड़ी आलोचना की गई है। हर विशेषज्ञ, पुलिस, अग्निशामक और सामुदायिक नेताओं के संबोधन के बाद लोगों ने तालियां बजाईं। लॉस एंजिलिस काउंटी के अग्निशमन प्रमुख एंथनी सी मारोन ने कहा कि आग बुझाने की कवायद में तेजी लाने के लिए पानी के 70 अतिरिक्त ट्रक पहुंचे हैं। पिछले सप्ताह जंगल में लगी आग को विकराल बनाने के लिए मुख्य रूप से प्रचंड सांता एना हवाओं को जिम्मेदार ठहराया गया है। इसकी वजह से शहर के आसपास के पूरे इलाके नष्ट हो गए, जहां आठ महीनों से अधिक समय से कोई महत्वपूर्ण वर्षा नहीं हुई है। लॉस एंजिलिस काउंटी शेरिफ रॉबर्ट लूना ने कहा कि ईटॉन क्षेत्र में आग लगने की घटना में 12 लोगों के लापता होने की सूचना जबकि पैलिसेड्स में आग में चार लोग लापता हैं। लूना ने कहा कि जांचकर्ता इस बात का पता लगा रहे हैं कि क्या लापता लोगों में कुछ लोग मृतकों में शामिल हो सकते हैं, लेकिन अभी तक लापता लोगों में कोई बच्चा शामिल नहीं है। इस बीच, आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 24 हो गई है। लॉस एंजिलिस काउंटी कोरोनर के कार्यालय के अनुसार पैलिसेड्स क्षेत्र में आग के कारण आठ लोगों की जान चली गई जबकि ईटॉन क्षेत्र में आग के कारण 16 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई है। अधिकारियों ने एक केंद्र स्थापित किया है जहां लापता लोगों की सूचना दर्ज कराई जा सकती है। अधिकारी एक ऑनलाइन डेटाबेस भी बना रहे हैं, ताकि जिन लोगों को प्रभावित क्षेत्र से हटाकर सुरक्षित क्षेत्र ले जाया गया है, वे यह पता कर सकें कि उनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं या नष्ट हो गए हैं। इस बीच, लॉस एंजिलिस शहर दमकल प्रमुख क्रिस्टिन क्राउली ने लोगों से झुलसे हुए इलाकों से दूर रहने का आग्रह किया है। क्राउले ने रविवार की सुबह प्रेस वार्ता में कहा, पैलिसेड्स क्षेत्र में अब भी आग है, जो इसे जनता के लिए बेहद खतरनाक बना रही है। वहां बिजली नहीं है, पानी नहीं है, गैस की लाइनें टूटी हुई हैं।

# बाइडन ने तालिबान की कैद में मौजूद अमेरिकी नागरिकों के रिश्तेदारों से बात की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका के राष्ट्रपति** जो बाइडन ने उन तीन अमेरिकी नागरिकों के रिश्तेदारों से बात की, जिन्हें अफगानिस्तान में तालिबान ने बंधक बना रखा है। हालांकि, परिवार के सदस्यों ने कहा कि उन्हें वापस लाने के लिए कोई समझौता नहीं हो पाया है। रेयान कॉर्बेट, जॉर्ज ग्लेजमैन और महमूद हबीबी के परिवार के सदस्यों के साथ बाइडन की बातचीत उनके प्रशासन के अंतिम दिनों में हुई है। अधिकारी बंधकों की रिहाई को लेकर एक समझौते पर बातचीत की कोशिश कर रहे हैं, जिसके तहत अमेरिका के ग्वांतानामो बे में बंद अफगानिस्तान के शेष बंदियों में से एक मोहम्मद रहीम के बदले इन अमेरिकियों को स्वदेश वापस लाया जा सके। कॉर्बेट 2021 में अमेरिका समर्थित अफगानिस्तान सरकार के पतन के समय अपने परिवार के साथ अफगानिस्तान में रह रहे थे। अगस्त 2022 में एक व्यापारिक यात्रा के दौरान तालिबान ने उनका अपहरण कर लिया था और अटलांटा के एक एयरलाइन मैकेनिक ग्लेजमैन को तालिबान की खुफिया सेवाओं ने दिसंबर 2022 में देश से यात्रा करते समय अगवा कर लिया था। अधिकारियों का मानना है कि तालिबान ने अब भी दोनों पुरुषों के साथ-साथ हबीबी को भी बंधक बना रखा है। हबीबी एक अफगान अमेरिकी व्यवसाई है जो काबुल स्थित एक दूरसंचार कंपनी के लिए ठेकेदार के रूप में काम करते थे और 2022 में लापता हो गए। फबीआई ने कहा कि हबीबी और उनके चालक को कंपनी के 29 अन्य कर्मचारियों के साथ ले जाया गया था, लेकिन हबीबी तथा एक अन्य व्यक्ति को छोड़कर सभी को रिहा कर दिया गया।

## ईरान के राष्ट्रपति इस रूस की यात्रा करेंगे, समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे

**भाषा।** मॉस्को

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन इस सप्ताह मॉस्को और तेहरान के बीच व्यापक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए अपने ईरानी समकक्ष की मेजबानी करेंगे। रूसी राष्ट्रपति के सरकारी आवास क्रेमलिन ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्रेमलिन ने कहा कि शुक्रवार को ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की मॉस्को यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। दोनों नेता परिवहन, रसदऔर मानवीय क्षेत्रों में व्यापार एवं सहयोग के विस्तार की योजनाओं के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंडे से संबंधित गंभीर मुद्दों पर चर्चा करेंगे। यूक्रेन और पश्चिमी देशों ने ईरान पर आरोप लगाया है कि उसने यूक्रेन में युद्ध के दौरान इस्तेमाल के लिए मॉस्को को सैकड़ों विस्फोटक ड्रोन प्रदान किए हैं और रूस में उनके उत्पादन शुरू करने में मदद करने का आरोप लगाया है।

## ऑरवेल को श्रद्धांजलि देने के लिए स्मारक सिक्का जारी किया जाएगा

**लंदन।** नाइनटीन एटी-फोर के लेखक जॉर्ज ऑरवेल को श्रद्धांजलि देने के लिए विशेष स्मारक सिक्का बुधवार को जारी किया जाएगा, जिसमें एक आंख की छवि अंकित है और बिग ब्रदर आपको देख रहा है लिखा हुआ है।ऑरवेल का निधन नाइनटीन एटी-फोर के प्रकाशन के कुछ महीने बाद, 46 वर्ष की आयु में 21 जनवरी 1950 को लंदन के एक अस्पताल में हो गया था। इस सिक्के पर एक ऐसी चीज बनी है जो देखने में आंख जैसी लगती है, लेकिन वास्तव में यह एक कैमरे का लेंस है, और सिक्के के किनारे पर ऑरवेल के उपन्यास का यह उद्धरण अंकित है सत्य था और असत्य भी था। सिक्का कलाकार हेनरी ग्रे ने कहा, आपके घर में हर जगह फोन और कैमरे होने से, और आपके फोन पर विज्ञापनदाताओं द्वारा सुने जाने से, आप वास्तव में जानते है कि आपका सर्वेक्षण कैसे किया जा रहा है - और यही 1984 है।काल्पनिक भविष्य पर आधारित यह उपन्यास, एक अधिनायकवादी सरकार और उसके नेता, बिग ब्रदर के खिलाफ अधिकारी विंस्टन स्मिथ के गुप्त विद्रोह को दर्शाता है।

## इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कीं

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की तीन अग्रिम जमानत याचिकाएं सोमवार को खारिज कर दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन से संबंधित मामलों में याचिकाओं पर सुनवाई की। बीबी और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। हिरासत में लिए गए पीटीआई सदस्यों की रिहाई सहित अन्य मांग को लेकर 72 वर्षीय खान ने 26 नवंबर को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का 13 नवंबर को लोगों से आह्वान किया था। खान के आह्वान पर पीटीआई के हजारों कार्यकर्ता इस्लामाबाद पहुंचे, लेकिन उन्हें पुलिस की सख्ती का सामना करना पड़ा। पीटीआई कार्यकर्ताओं को जबरन तितर-बितर कर दिया गया, जबकि,400 से अधिक को गिरफ्तार कर लिया गया।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति तीन दिवसीय यात्रा पर चीन रवाना होंगे

कोलंबो। श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायक सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा पर चीन के लिए रवाना होंगे। पिछले साल सितंबर में पदभार संभालने के बाद यह उनकी दूसरी विदेश यात्रा होगी। पहली विदेश यात्रा के रूप में उन्होंने दिसंबर में भारत यात्रा की थी।अधिकारियों ने बताया कि वह चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के निमंत्रण पर बीजिंग जा रहे है।

## बलूचिस्तान में कोयला खदान ढहने से दो की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में कोयला खदान ढहने से दो खनिकों की मौत हो गई है। एक सप्ताह के भीतर इस क्षेत्र में इस तरह की यह दूसरी घटना है। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, यह घटना रविवार को हरनई जिले के खोस्त इलाके में हुई। क्वेटा के पास संजदी इलाके में कोयला खदान के ढहने से 11 खनिकों की मौत की घटना के दो दिन बाद यह घटना सामने आई है। वर्तमान में, अधिकारी संजदी खदान से शेष शवों को निकालने का प्रयास कर रहे हैं। हाल ही में, हरनई जिले के खोस्त कोयला क्षेत्र में स्थित एक कोयला खदान में दरारें आ गईं और खदान का एक हिस्सा ढह गया। जिस समय यह घटना हुई, आठ खनिक खदान में ही थे। खदान ढहने के तुरंत बाद छह खनिकों को बचा लिया गया।हालांकि, दो खनिकों की मौत हो गई और बाद में उनके शव बरामद किए गए।

# जापान में 6.9 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**भाषा।** तोक्यो

**दक्षिण-पश्चिमी** जापान में सोमवार को 6.9 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया। देश की मौसम विज्ञान एजेंसी ने यह जानकारी दी। सुनामी की आशंका के कारण लोगों को तटीय क्षेत्रों से दूर रहने को कहा गया है। एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात नौ बजकर 19 मिनट पर भूकंप आने के तुरंत बाद, दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू में मियाजाकी प्रांत के साथ-साथ पास के कोची प्रांत के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भूकंप का केंद्र मियाजाकी प्रांत में था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान का पता नहीं चल पाया है। सार्वजनिक प्रसारक एनएचके टीवी ने कहा कि भूकंप के 30 मिनट के भीतर सुनामी आई। इस दौरान एक मीटर तक ऊंची लहरें उठीं। रिपोर्ट के अनुसार, मियाजाकी बंदरगाह पर 20 सेमी की लहरें उठीं। एनएचके के फुटेज में यातायात सामान्य दिखा। बिजली आपूर्ति भी सामान्य है। मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र 30 किलोमीटर की गहराई पर था, जिससे दक्षिण-पश्चिमी मुख्य द्वीप क्यूशू का पूरा क्षेत्र हिल उठा। भूकंप की दृष्टि से बेहद संवेदनशील रिंग ऑफ फायर पर स्थित होने के कारण जापान में अक्सर झटके महसूस किए जाते हैं।



## तिब्बत काउंटी में 5.0 तीव्रता का भूकंप आया

बीजिंग। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के शिगाजे के डिंगरी काउंटी में सोमवार रात 5.0 तीव्रता का भूकंप आया।चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र (सीईएनसी) के अनुसार, स्थानीय समयानुसार रात 8:58 बजे पवित्र शहर शिगाज़े के आसपास के क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सीईएनसी के हवाले से बताया कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर था। इसी क्षेत्र में आठ जनवरी को 6.8 तीव्रता का भूकंप आया था जिसमें 126 लोग मारे गए थे और 188 अन्य घायल हो गए थे। चीन ने इलाके में बड़े पैमाने पर राहत और बचाव अभियान शुरू किया है।आठ जनवरी के भूकंप के बाद, इस क्षेत्र में 640 से अधिक झटके महसूस किए गए। वही, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तिब्बत के भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और उसे प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कठिन लड़ाई जीतने का भरोसा है।चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि बचावकर्मियों ने उच्च ऊंचाई वाले पठार पर कड़ाके की ठंड और कम ऑक्सीजन के स्तर का सामना करते हुए, फंसे हुए लोगों को खोजने और बचाने के लिए कड़ी मशक्कत की।उन्होंने भारत में स्थित निर्वासित तिब्बती सरकार के उस आह्वान की भी आलोचना की, जिसमें चीनी सरकार से पुनर्निर्माण के दौरान तिब्बती लोगों की पारंपरिक जरूरतों और मौलिक अधिकारों को ध्यान में रखने को कहा गया है।जियाकुन ने कहा कि निर्वासित तिब्बती सरकार एक शुद्ध अलगाववादी राजनीतिक समूह है और दुनिया के किसी भी देश ने इसे मान्यता नहीं दी है।

## म्यांमा में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

बैंकाक। उत्तरी म्यांमा में हुए भूस्खलन में कम से कम दर्जन भर लोगों की मौत गई है तथा कई अन्य लापता हैं। यह जानकारी स्थानीय लोगों, बचावकर्ताओं और स्वतंत्र मीडिया ने सोमवार को दी।

उन्होंने बताया कि लगभग 50 घर भूस्खलन के मलबे में दब गए या क्षतिग्रस्त हो गए। यह दुर्घटना रविवार देर रात काचिन राज्य के हपाकांत कस्बे में हुई जो सुदूर पहाड़ी क्षेत्र है तथा जेड खनन उद्योग का केंद्र है। दुर्घटना क्षेत्र के निकट रहने वाले टार्लिन एमजी ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि स्पॉट गांव में चार बच्चों सहित 12 लोगों के शव बरामद किए गए हैं। काचिन स्थित ऑनलाइन मीडिया ने बताया कि लगभग 30-50 लोग लापता हो सकते हैं। हपाकांत की जेड खदानों के आसपास हर साल कई बार भूस्खलन होता है।

## क्रोएशिया: मिलनोविक ने एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता

**जगरेब।** क्रोएशिया में विपक्ष समर्थित राष्ट्रपति जोरान मिलनोविक ने सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार को अंतिम दौर के मतदान में हराकर रविवार को एक बार फिर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। आधिकारिक परिणामों से यह जानकारी मिली। इस चुनाव में भारी जीत हासिल कर वह पांच साल के एक और कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति बने रहेंगे। मिलनोविक को यूरोपीय संघ और उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) का आलोचक माना जाता है। इसके अलावा, वह रूस के विरुद्ध युद्ध में यूक्रेन को मिल रहे पश्चिमी देशों के सैन्य समर्थन के भी खिलाफ हैं। क्रोएशिया के चुनाव अधिकारियों द्वारा 99 प्रतिशत से अधिक मतपत्रों की गिनती के बाद जारी किए गए परिणामों के अनुसार मिलनोविक को उनके प्रतिद्वंद्वी ड्रैगन प्रिमोरैक की तुलना में 74 प्रतिशत से अधिक वोट मिले। प्रिमोरैक लगभग 26 प्रतिशत मत ही हासिल कर पाए। मिलनोविक क्रोएशिया के रूढ़िवादी प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच और उनकी सरकार के भी कट्टर विरोधी हैं। परिणाम जारी होने के बाद मिलनोविक ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी जीत मतदाताओं के विश्वास का संकेत है।

## इमरान खान, उनकी पत्नी के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर मामले में फैसला तीसरी बार टला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में फैसले की घोषणा सोमवार को तीसरी बार टाल दी। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने अब फैसला सुनाने के लिए 17 जनवरी की तारीख तय की है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को मामले की सुनवाई पूरी कर ली, लेकिन फैसला 23 दिसंबर तक के लिए सुरक्षित रख लिया। बाद में उन्होंने फैसला सुनाने के लिए छह जनवरी की तारीख तय की थी। न्यायाधीश राणा छह जनवरी को छुट्टी पर थे, इसलिए फैसला 13 जनवरी तक के लिए टाल दिया गया था। न्यायाधीश ने आज आरोपियों की अदालत में अनुपस्थिति का हवाला देते हुए एक बार फिर फैसले की घोषणा 17 जनवरी तक के लिए टाल दी।

## ताइवान की खुफिया जानकारी के लिए चीन गिरोहों, फर्जी कंपनियों के साथ काम कर रहा: ताइवानी जासूसी एजेंसी

**ताइपे।** ताइवान के खुफिया ब्यूरो का कहना है कि चीन की मुख्य जासूसी एजेंसी ताइवान की सुरक्षा से जुड़ी खुफिया जानकारी हासिल करने के लिए आपराधिक गिरोहों, शेल (फर्जी) कंपनियों और अन्य संदिग्ध साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है, जिसके कारण द्वीप पर कथित जासूसी के आरोप में गिरफ्तार लोगों की संख्या में भारी बढ़ोतरी हुई है। इसमें कहा गया है कि वर्तमान और सेवानिवृत्त ताइवानी सैन्यकर्मी विशेष चिंता का विषय हैं, जिनकी संख्या पिछले साल मुकदमे का सामना करने वाले कुल कथित जासूसों की संख्या (64) के लगभग आधे के बराबर थी, जबकि उनकी यह संख्या 2021 में 16 और 2022 में 10 से अधिक थी।ए गिरफ्तारियां चीन की सैन्य धमकी, आर्थिक दबंगई और ग्रे एरिया रणनीति, यथा-एकीकरण को बढ़ावा देने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने और निचले स्तर के सरकारी अधिकारियों को चीन की यात्रा करने पर सभी तरह के खर्च का भुगतान करने का अभियान चलाने के मद्देनजर की गई हैं।

## ट्रूडो का अमेरिकी उपभोक्ताओं से ट्रंप की शुल्क लगाने की धमकियों के नुकसान पर विचार करने का आग्रह

वैंकूवर (कनाडा)। कनाडा के निवर्तमान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को कहा कि अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा को अमेरिका का 51वां प्रांत बनाने की पेशकश संबंधी टिप्पणी ने भारी शुल्क के कारण अमेरिकी उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान से लोगों का ध्यान हटा दिया है। ट्रंप ने कनाडा से होने वाले सभी आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है। ट्रूडो ने अमेरिकी समाचार चैनल एमएसएनबीसी के साथ एक साक्षात्कार में कहा, (कनाडा अमेरिका का) 51वां प्रांत नहीं बनने वाला। 25 प्रतिशत शुल्क का अमेरिका में आने वाले स्टील और एल्युमीनियम पर क्या असर होगा, इस बारे में बात करने के बजाय लोग 51वां प्रांत के बारे में बात कर रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा है कि अगर कनाडा का अमेरिका में विलय हो जाता है तो कर कम हो जाएंगे और कोई शुल्क नहीं लगेगा। कनाडा को 51वां प्रांत में बदलने के लिए आर्थिक बल के प्रयोग की ट्रंप की धमकियों के बारे में ट्रूडो ने कहा, मैं जानता हूं कि एक सफल वार्ताकार के रूप में वह लोगों को उलझा कर रखना पसंद करते हैं। कनाडा प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध देश है और अमेरिका को तेल जैसी वस्तुएं एक सब्सिडी के तौर पर प्रदान करता है।

## जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ने अपने विशाल नए रॉकेट का पहला प्रक्षेपण अंत समय में टाला

केप केनावेरल (अमेरिका)। जेफ बेजोस की अंतरिक्ष कंपनी ब्लू ओरिजिन ने तकनीकी खराबी के कारण सोमवार तड़के अपने विशाल नए रॉकेट का पहला प्रक्षेपण अंत समय में टाल दिया। कंपनी के 320-फुट (98-मीटर) लंबे न्यू ग्लेन रॉकेट को फ्लोरिडा के केप केनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से एक प्रोटोटाइप उपग्रह के साथ सुबह होने से पहले प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन प्रक्षेपण के नियंत्रकों को उलटी गिनती के अंतिम मिनटों में रॉकेट में एक खराबी से जूझना पड़ा और समय समाप्त हो गया। जैसे ही उलटी गिनती रुकी, उन्होंने तुरंत रॉकेट से सारा ईंधन निकालना शुरू कर दिया। ब्लू ओरिजिन ने अभी इस रॉकेट के प्रक्षेपण की कोई नई तिथि निर्धारित नहीं की है और कहा कि टीम को समस्या को हल करने के लिए और समय चाहिए। समुद्र की प्रतिकूल स्थिति के कारण परीक्षण उड़ान में पहले ही देरी हो चुकी थी, जिससे अटलांटिक में तैरते मंच पर पहले चरण के बूस्टर को उतारने की कंपनी की योजना के लिए खतरा पैदा हो गया था।रॉकेट न्यू ग्लेन का नाम पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले अमेरिकी जॉन ग्लेन के नाम पर रखा गया है।

## कैलिफोर्निया बादाम स्वास्थ्य के लिए सेहतमंद

**यूएन।** फसलों की कटाई का सीजन बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इसे देश के अलग.अलग हिस्सों में विभिन्न नामों से जाना जाता हैए जैसे बंगाल में मकर संक्रांति, दक्षिण में पोंगल, और अन्य जगहों पर लोहड़ी, बिहू या बैसाखी। इस बार, 2025 के त्योहार को और खास और सेहतमंद बनाने के लिए कैलिफ़ोर्निया आमंड्स का उपयोग करें। कैलिफ़ोर्निया के बादामए जिन्हें ड्राय फ्रूट्स का राजा कहा जाता हैए पोषण से भरपूर होते हैं। इनमें 15 महत्वपूर्ण पोषक तत्व जैसे प्रोटीनए हेल्दी फैट्स, फाइबर, विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैंए जो सेहत के लिए बेहद फायदेमंद हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल भारत में छह मिलियन लोग इन समस्याओं का शिकार होते हैंए और 2030 तक इन बीमारियों की वजह से देश पर 6 ट्रिलियन डॉलर का बोझ पड़ सकता है। त्योहारों पर स्वादिष्ट खाने का मजा लेते हुए भी सेहतमंद रहना आसान है। इसके लिए बस अपने आहार में पोषण से भरपूर चीजें जैसे बादाम शामिल करें। बादाम कार्बोहाइड्रेट वाले खाद्य पदार्थों के साथ खाने पर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकते हैं। मैक्स हेल्थकेयर में डायटीटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दर ने कहा मिठाइयों की बजाय बादाम जैसी सेहतमंद और पौष्टिक चीजों को अपने व्यंजनों में शामिल करें। हमारी माताएं हमेशा से बादाम खाने की सलाह देती आई हैंएक्योंकि यह सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। अब विज्ञान भी इसे सही ठहराता है।200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने बादाम के सेहतमंद फायदों को साबित किया है। खाने.पीने में थोड़ा ध्यान रखते हुए और अपने उत्सव में मुट्ठीभर बादाम जोड़कर आप त्योहार का आनंद लेते हुए अपने स्वास्थ्य के लक्ष्यों को भी हासिल कर सकते हैं।

# स्पेन, ईयू के साथ भारत के संबंध इस मुश्किल समय में स्थिरता लाने वाला कारक : जयशंकर

**मैड्रिड।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि स्पेन और यूरोपीय संघ(ईयू) के साथ भारत के संबंध इस मुश्किल समय में स्थिरता लाने वाला एक कारक हो सकता है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज की भारत यात्रा के करीब ढाई महीने बाद, संपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा के लिए जयशंकर सोमवार से मैड्रिड की दो दिवसीय यात्रा पर हैं। विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में, कहा कि उन्होंने मैड्रिड में राजदूतों के 9वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन का विषय हमारी अपनी पहचान के साथ विदेश नीति था।



जयशंकर ने बताया कि कैसे राष्ट्र अपनी संस्कृति, परंपराओं और विरासत से कूटनीति के अपने विशिष्ट ब्रांड को आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा, जो लोग कई पहचानों के साथ सहज हैं, वे अस्थिर और अनिश्चित समय को अधिक सफलतापूर्वक पार कर लेंगे। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि स्पेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंध इस अशांत समय में स्थिरता लाने वाला एक कारक हो सकता है। इससे पहले दिन में, जयशंकर ने यहां महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## स्टॉर्मर ने एआई के क्षेत्र में ब्रिटेन को विश्व गुरू बनाने की योजना पेश की

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने अरबों पाउंड के निवेश और विशेष एआई ग्रोथ जोन की मदद से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में ब्रिटेन को दुनिया में अग्रणी बनाने की योजना सोमवार को पेश की। लेबर पार्टी की सरकार की एआई अवसर कार्य योजना का विवरण प्रस्तुत करते हुए स्टॉर्मर ने कहा कि उनकी राय में एआई कामकाजी लोगों के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने कहा कि इसमें शिक्षकों के लिए प्रशासनिक कार्य में कमी लाने तथा कैमरों के माध्यम से गड्ढों का पता लगाने से सड़कों को बेहतर बनाने में भी मदद करने की क्षमता है। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है, जब तीन प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों वैंटेज डेटा सेंटर, एनस्केल और किंड्रिल ने ब्रिटेन में एआई अवसंरचना के निर्माण के लिए 14 अरब पाउंड के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है, जिससे इस प्रौद्योगिकी की क्षमता का लाभ उठाने और पूरे ब्रिटेन में 13,250 नौकरियां पैदा करने के लिए आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी। स्टॉर्मर ने कहा, एआई हमारे देश में अविश्वसनीय बदलाव लाएगा। शिक्षकों द्वारा पाठों को व्यक्ति निष्ठ बनाने से लेकर, छोटे व्यवसायों को उनके रिकॉर्ड रखने में सहायता करने तक, इसमें कामकाजी लोगों के जीवन को बदलने की क्षमता है। उन्होंने कहा, लेकिन एआई उद्योग को ऐसी सरकार की जरूरत है जो उनके पक्ष में हो, जो चुपचाप बैठकर अवसरों को हाथ से न जाने दे।

# इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम में अहम प्रगति हुई

**अधिकारियों का दावा- बंधकों की रिहाई से जुड़ी वार्ता भी सही गति में**

**भाषा।** काहिरा

**अमेरिका और** अरब के मध्यस्थों ने इजराइल-हमास के बीच संघर्षविराम कराने और गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए कई लोगों की रिहाई की दिशा में रातोंरात महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है, लेकिन अभी तक कोई समझौता नहीं हो सका है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। तीन अधिकारियों ने संघर्षविराम वार्ता में प्रगति को स्वीकार करते हुए कहा कि आने वाले दिन 15 महीने से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिहाज से अहम होंगे, जिसने पश्चिम एशिया को अस्थिर कर रखा है। उन्होंने नाम नहीं छापने की शर्त पर यह जानकारी दी, क्योंकि वे इस वार्ता पर चर्चा करने के लिए अधिकृत नहीं थे।इन तीन अधिकारियों में से एक के साथ हमास के भी एक अधिकारी ने कहा कि अभी कई बाधाएं दूर होनी बाकी हैं। पिछले साल कई मौकों पर अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि वे एक समझौते पर पहुंचने की कगार पर थे, लेकिन बातचीत ठप हो गई। वार्ता से अवगत एक व्यक्ति ने कहा कि रातोंरात सफलता मिली और समझौते



का एक प्रस्तावित मसौदा पेश किया गया। इस व्यक्ति ने कहा कि इजराइल और हमास के वार्ताकार अब इसे अंतिम मंजूरी के लिए अपने-अपने नेताओं के पास भेजेंगे। संबंधित व्यक्ति ने यह भी कहा कि खाड़ी देश कतर के मध्यस्थों ने हमास पर समझौते को स्वीकार करने के लिए नए सिरे से दबाव बनाया है, जबकि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ इजराइलियों पर दबाव डाल रहे हैं। विटकॉफ हाल ही में वार्ता में शामिल हुए और हाल के दिनों में इस क्षेत्र में ही रहे हैं। इस व्यक्ति ने कहा कि मध्यस्थों ने प्रत्एक पक्ष को समझौते का मसौदा सौंप दिया है और अगले 24 घंटे महत्वपूर्ण होंगे। मिस्र के एक अधिकारी ने कहा कि रातोंरात अच्छी प्रगति हुई है, लेकिन इसमें कुछ और दिन लगने की संभावना है। इस अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्षों का लक्ष्य ट्रंप के 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले एक समझौते पर पहुंचना है।

## रूसी सेना आपूर्ति बाधित करने के लिए महत्वपूर्ण गढ़ से आगे बढ़ी: यूक्रेनी अधिकारी

**कीव।** महीनों से यूक्रेनी सेना के आपूर्ति केंद्र पोक्रोवस्क पर कब्जे का प्रयास कर रही रूसी सेना अब इस पर काबिज होने के बजाए उसकी आपूर्ति श्रृंखला को काटने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यूक्रेन के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकार दी।यूक्रेनी सेना के स्थानीय प्रवक्ता मेजर विक्टर त्रेहुबोव ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि रूसी सैनिक पोक्रोवस्क के महत्वपूर्ण रसद केंद्र को चारों ओर से घेर रहे हैं, जहां एक मजबूत यूक्रेनी रक्षापंक्ति ने उन्हें अब तक रोक रखा है। उन्होंने कहा कि वे (रूसी सैनिक) वहां से मध्य यूक्रेन के शहर दिनप्रो तक जाने वाले राजमार्ग को निशाना बना रहे हैं।यह मार्ग पूरे क्षेत्र में यूक्रेनी सेना को आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है। राजमार्ग यातायात को काटने से पोक्रोवस्क भी गंभीर रूप से प्रभावित होगा।त्रेहुबोव ने एक व्हाट्सऐप संदेश में कहा, अब तक, वे अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए हैं और हम (यूक्रेनी सेना) यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि वे भविष्य में इसे हासिल न कर सकें - ठीक उसी तरह जैसे वे शहर को घेरकर आगे बढ़ने के अन्य प्रयासों में सफल नहीं हुए हैं। यूक्रेन की सेना लगभग 1,000 किलोमीटर लंबी अग्रिम पंक्ति के कुछ हिस्सों में गंभीर दबाव में है, विशेष रूप से पूर्वी डोनेतस्क क्षेत्र में जहां पोक्रोवस्क स्थित है।लगभग तीन साल के युद्ध के बाद, यूक्रेनी इकाइयां कई जगह समाप्त हो गई हैं और रूसी सेना की तुलना में उनकी संख्या कम हो गई है। हालांकि युद्ध के मैदान में रूस की प्रगति धीमी और खर्चीली रही है, युद्ध का पलड़ा फिलहाल रूस के पक्ष में है और इसके हमले ने धीरे-धीरे शहरों और गांवों को तबाह कर दिया है। रविवार देर रात राष्ट्र के नाम अपने दैनिक वीडियो संबोधन में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि पोक्रोवस्क के आसपास लड़ाई हाल के दिनों में सबसे भीषण थी।

## सीरिया पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने पर विचार करेंगे यूरोपीय संघ के मंत्री

**भाषा।** रियाद

**यूरोपीय संघ** के सदस्य देशों के विदेश मंत्री सीरिया पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील देने पर चर्चा करने के लिए जनवरी के अंत में एक बैठक करेंगे। यूरोपीय संघ की विदेश नीति मामलों की प्रमुख काजा कल्लास ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह कदम सीरिया के नए शासकों पर निर्भर करेगा, जो पिछले महीने राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ करने के बाद एक समावेशी राजनीतिक परिवर्तन करेंगे। काजा कल्लास की यह टिप्पणी सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरिया के भविष्य पर चर्चा के लिए यूरोप और पश्चिम एशिया के शीर्ष राजनयिकों की एक बैठक के समय आई। सऊदी अरब ने सीरिया पर लगे प्रतिबंधों को हटाने का आह्वान किया है, जिससे सीरिया के लगभग 14 वर्षों के गृहयुद्ध से उबरने की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचने का खतरा है। सीरिया में लंबे समय से जारी गृहयुद्ध में करीब पांच लाख लोगों की मौत हो चुकी है और लाखों लोगों को देश छोड़ना पड़ा है।

